


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 31 जुलाई 2024

संवत 2081, श्रावण कृष्ण दस संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 319 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 आरबीआई और पायलट प्रोजेक्ट

भारत- श्रीलंका टी-20 सीरीज टीम इंडिया की श्रीलंका पर जीत 6







# झारखंड के राज्यपाल बने संतोष गंगवार, राजभवन के बिरसा मंडल में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

मुख्य न्यायाधीश एसएन प्रसाद ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ ◀ राज्य के 12वें राज्यपाल बने गंगवार

मेट्रो रेस

**रांचीः** पूर्व केंद्रीयमंत्री संतोष गंगवार ने आज सुबह 10 बजे यहां झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। राजभवन के बिरसा मंडल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें शपथ दिलाई। गंगवार ने सीपी राधाकृष्णन की जगह ली। राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है।

समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा , झारखंड हाई कोर्ट के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। 75 वर्षीय संतोष गंगवार बरेली (उत्तर प्रदेश) के रहनेवाले हैं।

एक नवंबर 1948 को जन्मे गंगवार बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं। वह केंद्र में श्रम व रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहित वित्त राज्यमंत्री, कपड़ा राज्यमंत्री व पेट्रोलियम राज्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने संसदीय कार्य राज्यमंत्री के रूप में भी काम किया है।

संतोष गंगवार बीएससी और एलएलबी की है। इमरजेंसी के दौरान जेल भी जा चुके हैं। 1996 में उत्तर प्रदेश भाजपा के महासचिव भी रहे हैं। बरेली में उनकी ख्याति विकास पुरुष के रूप में है। वो बरेली में शहरी को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरपर्सन भी रह चुके हैं। संतोष गंगवार मंगलवार को ही रांची पहुंचे।



बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। यहां से वे राजभवन पहुंचे। प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने गंगवार का स्वागत किया।

शपथ से पहले गंगवार ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कियाः राज्यपाल की शपथ लेने से पहले संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर देकर गंगवार को राजभवन ले जाया गया। शपथ ग्रहण से पहले मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस ने संतोष गंगवार को राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ दिलायी।

## राज्यपाल के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ झारखंड को मिलेगा : हेमंत



शपथ ग्रहण के बाद सीएम हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों ने संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, दीपिका सिंह पांडेय, बन्ना गुप्ता, डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ इरफान अंसारी, हफीजुल्ल अंसारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितीन मदन कुलकर्णी समेत कई लोग मौजूद रहे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड वासियों की ओर से नये राज्यपाल संतोष गंगवार जी का स्वागत करते हैं, राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है, जिसका लाभ झारखंड को मिलेगा, ऐसी उम्मीद करते हैं।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी रंजीत प्रसाद का हार्ट अटैक से निधन



मेट्रो रेस

**रांचीः** सीआईडी के आईजी से सेवानिवृत हुए रंजीत प्रसाद का मंगलवार देर रात अचानक दिल का दौरा पड़ने से सैम्फोर्ड अस्पताल में निधन हो गया।

बुधवार को परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रंजीत प्रसाद की छोटी बेटी लन्दन में रह कर पढ़ाई कर रही है। एक अगस्त को वह रांची आएगी। उसके बाद रंजीत प्रसाद का पार्थिव शरीर उनके आवास ले जाया जाएगा। अभी उनका पार्थिव शरीर सैम्फोर्ड अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया। कुछ दिन पूर्व ही उनका हार्ट सर्जरी हुआ था। वह रांची के सिटी एसपी एसीबी के एसपी के पद पर रह चुके थे।

उनके निधन पर झारखंड पुलिस के कई वरीय अधिकारी डीआईजी नौशाद आलम, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, रिटायर आईपीएस हेमंत टोप्पो, रिटायर आईपीएस मदन मोहन लाल, एसीबी डीआईजी शैलेन्द्र कुमार बर्णवाल सहित कई लोग पहुंचे। उनके निधन पर पुलिस महकमे में शोक की लहर है। रंजीत प्रसाद एक बहुत ही दयालु और ऊजार्वान पुलिस पदाधिकारी थे। उल्लेखनीय है कि आईपीएस रंजीत प्रसाद मंगलवार को रिटायर आईपीएस एसोसिएशन की जैप-1 स्थित खुखरी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भी शामिल हुए थे। इस दौरान कई रिटायर आईपीएस की उनसे मुलाकात हुई थी। बैठक खत्म करने के बाद सभी रिटायर आईपीएस झारखंड के नए प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को बधाई देने पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे।

## आरपीएफ ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार



**रांचीः** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी मनोज कुमार को पंडरा ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बुधवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन उपलब्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। गुप्त सूचना पर पंडरा ओपी के आरएस कंप्यूटर दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान रेलवे के 11 ई-टिकट बरामद की गई। बरामद टिकट का मूल्य 18 हजार 500 पाया गया। पूछताछ पर दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्राहकों को बेचने के लिए अपनी व्यक्तिगत आईडी से टिकट बनाता था। उसने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके बाद रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत उसे गिरफ्तार किया गया।

झारखंड विधानसभा सत्र

## चौथे दिन भी भाजपा का प्रदर्शन



**रांचीः** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भाजपा बड़ा सा बैनर लेकर सदन पहुंची और धरना-प्रदर्शन कर रही है। इस बैनर में भ्रष्ट, निकम्मी, झूठी, लुटेरी और युवाओं को ठगने वाली हेमंत सरकार जवाब दो लिखा है। साथ ही कई सवाल लिखे हैं। मनरेगा कर्मी के परमानेंट का क्या हुआ, सहायक पुलिस के परमानेंट का क्या हुआ, होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ, पोषण सखी के परमानेंट का क्या हुआ, पारा शिक्षक के परमानेंट का क्या हुआ, कंप्यूटर कर्मी डाटा ऑपरेटर का परमानेंट का क्या हुआ, जल सहिया के परमानेंट का क्या हुआ, शिक्षकों की मांग पूरी करो, बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ, स्थानीय नीति नियोजन नीति का क्या हुआ, नगर पालिका की सफाई कर्मियों की मांगे पूरी करो सहित तमाम मुद्दों बैनर में लिखे हैं।

**भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही : अमर कुमार बाउरी** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउर ने कहा कि हम सारे मुद्दे लेकर आये हैं। हेमंत सरकार ने अनुबंधकर्मी, संविदाकर्मी और बेरोजगार युवाओं से झूठा वादा करके सत्ता हासिल की है। यह सरकार का आखिरी सत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही है। उनका तो कुछ होना जाना है नहीं, एक नैतिकता के आधार से सदन का इस्तेमाल कर झारखंड की जनता से माफी मांग लें और झारखंड की जनता को बख्श दें। झारखंड की जनता को उनका हाल पर छोड़ दें। जनता अपना निर्णय खुद ले लेगी। झारखंड को संवारने के लिए भाजपा आगे है।

## कार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

मेट्रो रेस

**रांचीः** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित पंडरा बाजार समिति के गेट के पास तेज रफ्तार कार ने बुधवार को एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। महिला की शिनाख्त रिंकू देवी के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि पंडरा बस्ती निवासी पति छोटू प्रसाद महतो की पत्नी रिंकू देवी (35 ) फल बेचती थी। महिला फल लेकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान कार (जेएच



10सीसी3202) ने टक्कर मार दी, इससे उसकी मौत हो गयी। आनन फानन में महिला को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । इसके बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

ओपी प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। चालक को भी पकड़ लिया गया है।

## बाबा धाम से रांची जा रही बस गिरिडीह में पलटी, कई कांवड़िया घायल

**देवघरः** देवघर के बाबाधाम से जलाभिषेक कर बुधवार की अहले सुबह रांची लौट रहे शिवभक्तों से भरी बस अनियंत्रित होकर गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के नीमाटांड़ के पास पलट गई।घटना में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।

बताया जाता है कि चालक को नींद आ जाने के कारण बस से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया। घायलों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।



# दिल्ली में हुए कोचिंग सेंटर हादसे को लेकर हाईकोर्ट सख्त, अफसरों को लगाई फटकार

रेवड़ी संस्कृति पर साधा निशाना

**नई दिल्लीः** दिल्ली के राजेंद्र में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबकर हुई तीन छात्रों की मौत पर अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि जब ₹मुफ्तखोरी की संस्कृति₹ के कारण कर संग्रह नहीं होता है तो ऐसी दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक अजीब जांच चल रही है, जिसमें कार चलाने वाले राहगीर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है, लेकिन एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अदालत ने पूछा कि क्या अब तक किसी एमसीडी अफसर को हिरासत में लिया गया है? साथ ही यह भी पूछा कि क्या इस मामले में एमसीडी के



अदालत ने कहा कि बहुमंजिला इमारतों को चलने दिया जा रहा है, लेकिन उचित जल निकासी नहीं है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आप मुफ्तखोरी की संस्कृति चाहते हैं, कर संग्रह नहीं करना चाहते, ऐसा होना तय है। अधिकारियों पर कटाक्ष करते हुए अदालत ने कहा कि उन्हें बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की जरूरत है, लेकिन वे दिवालिया हैं और वेतन भी नहीं दे सकते।

याचिकाकर्ता ट्रस्ट कुटुंब का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता रुद्र विक्रम सिंह ने तर्क दिया कि राजिंदर नगर की घटना नई नहीं है, उन्होंने मुखर्जी नगर और विवेक विहार में आग की घटनाओं का जिक्र किया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शहर में पहले आग की घटनाएं हुई। अब पानी में डूबने से जान गई। ऐसा लगता है कि हम जंगल में रहते हैं, जहां आग और पानी से लोग मर रहे हैं।

वहीं, सरकारी वकील ने कोर्ट में जानकारी दी कि अधिकारी जांच कर रहे हैं। करीब 75 संस्थानों को नोटिस दिए जा चुके हैं। 35 को बंद किया गया है। 25 को सील कर किया गया है। इस पर अदालत ने कहा कि ओल्ड राजेंद्र नगर में जल निकासी की अच्छी व्यवस्था नहीं है। पुलिस की मिलीभगत से अनधिकृत निर्माण होते हैं। अनाधिकृत निर्माण इसके बिना नहीं हो सकते। सभी अधिकारी केवल जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने में रुचि रखते हैं। कोर्ट ने पूछा कि उस इलाके में कैसे इतना पानी जमा हो गया? जब अफसरों ने इमारत को अधिकृत किया तो क्या उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी? कोर्ट ने कहा कि एमसीडी के वरिष्ठ अफसर अपने एसी कार्यालयों से बाहर नहीं निकल रहे हैं, अगर ये नालियां ढकी थीं तो फिर ढक्कन क्यों नहीं हटाए? कोर्ट ने कहा कि आज अगर आप एमसीडी अफसर से नालियों की योजना बनाने के लिए कह दें तो वो ऐसा नहीं कर पाएंगे। अधिकारियों को यह नहीं पता कि नालियां कहां हैं, सब कुछ मिलाजुला है। कोर्ट ने कहा कि हमने कार्रवाई के बाद अब तक टउऊ में किसी को भी अपनी नौकरी से जाते नहीं देखा है। इमारतें ध्वस्त हो रही हैं, लेकिन क्या एमसीडी में इसके कारण किसकी नौकरी गई है?

एमसीडी ने अपने सबसे जूनियर अधिकारी को सस्पेंड कर दिया, लेकिन उस वरिष्ठ अधिकारी का क्या, जिसने निगरानी का अपना काम नहीं किया है? कभी-कभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी आना पड़ता है और कबूल करना पड़ता है। लेकिन वो अपने एसी दफ्तरों से बाहर नहीं निकलते। हाईकोर्ट ने नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी सवाल उठाए। आगे कहा कि दिल्ली की आबादी 3:30 करोड़ के करीब हो चुकी है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है।

# सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन



मेट्रो रेज

**खूंटी :** झामुमो कायकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में खूंटी में रैली निकाली और उपायुक्त कार्यलय के सामने मे धरना प्रदर्शन किया। संथाल परगना को झारखंड से अलग करने संबंधी भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में झामुमो कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तरह से बयानबाजी कर रहे हैं, वह काफी निंदनीय है। तरह अनर्गल बयानबाजी से झारखंड को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड बलिदानियों की धरती है और झारखण्ड का एकइंच टुकड़ा अलग करना एसे कतई सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी को बंद नहीं किय गया, तो पूरे खूंटी जिल में उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में झामुमो जिला सचिव गुलशन सिंह मुण्डा, जिला कोषाध्यक्ष भोला नाथ लाल, जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निकाला गया विरोध मार्च, सुभाष चौक पर हुआ प्रदर्शन

मेट्रो रेज

**रामगढ़:** सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लोकसभा में दिए गए बयान का पूरे झारखंड में विरोध हो रहा है। उन्होंने संथाल परगना, बिहार एवं बंगाल राज्यों को मिलाकर केंद्र शासित राज्य बनाने की मांग कर डाली है। उनके इस बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पूरे झारखंड में विरोध मार्च और प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर भी जेएमएम जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ सांसद संथाल परगना, बिहार और बंगाल राज्यों को मिलाकर यूनियन टेरिटरी बनाने की कुंठित मानसिकता रखते हैं। लेकिन संथाल परगना को दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपने संघर्षों से संवारा है। संथाल आदिवासियों का क्षेत्र है और यहां आदिवासी ही अपनी सत्ता चला सकते हैं। इस इलाके में केंद्रीय नेतृत्व अपनी दबंगई चलाने के लिए इस तरह के शगूफे छोड़ रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि निशिकांत दुबे का बयान भाजपा की मानसिकता को स्पष्ट कर रहा है। लेकिन झामुमो और झारखंड की जनता उनके इस बयान की निंदा करती है।



जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि सांसद अपने इस बयान को वापस ले अन्यथा जिस तरह लोकसभा चुनाव में जनता ने एनडीए को संथाल परगना से खदेड़ा है, उसी प्रकार विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड से खदेड़ देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर आयुक्त ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**कोडरमा:** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त मतदाता सूची प्रवेक्षक सह आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।अइस दौरान उन्होंने मरकच्चो प्रखंड के उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुर्कमानय स्थित मतदान केंद्र संख्या 365, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेशमी स्थित मतदान केंद्र संख्या 374 व 376, राजकीय मध्य विद्यालय बिचरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 385 व 388 केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर से फार्म 6,7 और 8 का कलेक्शन को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छुटे हुए सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर मतदाताओं का सर्वे करे और उनके घर कोई मतदाता नही छुटे का स्टीकर लगायें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, बीडीओ हुलास महतो समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### ड्रिल करने के दौरान धंसी मिट्टी, दो की मौत

कोडरमा: कोडरमा और हजारीबाग की सीमा पर चौपारण के डेंगू पंचायत के करमा गांव में पत्थर खदान में ड्रिल करने के दौरान मिट्टी धंस जाने से घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि घटना में मो शमसुद्दीन (35, ) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि मनोज भुईया (32) की मौत कोडरमा सदर अस्पताल में हुई। बताया गया कि घटना के बाद मनोज को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद सूचना पाकर कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

झारखंड विधानसभा मानसून सत्र

### बांग्लादेशियों के कारण आने वाले दिनों में आदिवासियों को खोजना पड़ जायेगा : भानु



**रांची:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में भानुप्रताप शाही ने कहा कि 1951 में 46 फीसदी आदिवासियों की आबादी थी। अब यह घटकर 22 फीसदी रह गई है। मुस्लिमों की संख्या बांग्लादेशियों के कारण बढ़ी है। आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा। आदिवासियों की घटती संख्या चिंता की बात है राजनीति की नहीं।

भानुप्रताप शाही सदन में अनुपूरक बजट पर लाये गए कटौती प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर मंत्री टी शर्ट पहन कर आए थे कि 1932 लागू किया जाएगा। झारखंड का मूलवासी आदिवासी यह पूछना चाहता है कि कहां गया 1932 खतियान। स्थानीय नियोजन नीति कहां चला गया पता नहीं। नगर विकास में 28 में से 17 पदों पर बाहरियों को नियुक्त कर दिया गया और ये लोग मूलवासी की बात करते हैं। भानुप्रताप शाही ने कहा कि युवा सरकार बनी तो पांच लाख नियुक्ति देंगे और नहीं मिलने वालों को भत्ता देंगे से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। भानु ने कहा कि सरकार ने ठान लिया है कि सिर्फ झूठ बोलेंगे और तब तक झूठ बोलेंगे जब तक सरकार बना नहीं लेते।

भानुप्रताप शाही ने कहा कि नौजवानों को ठगकर यह सरकार आयी है, जो परीक्षाएं कराती है उसे या तो रद्द कर देती है या फिर पेपर लीक करा देती है। अनुबंधकर्मियों का जीवन बर्बाद कर दिया। जब सरकार में आने से पहले संकल्पपत्र में अनुबंध कर्मियों के वेतनमान मानदेय फिक्स कर 60 साल तक के लिए नौकरी की बात कही थी, अनुबंध शब्द हटाना था।

### बिना काम के जब एक हजार तो काम करने वालों का बढ़े मानदेय : प्रदीप यादव

प्रदीप यादव ने कहा कि महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार एक हजार हर महीने देने जा रही है। बहुत ही सराहनीय कदम है। अनुबंधकर्मियों पर भी सरकार विचार करे। बिना काम के जब सरकार एक हजार देने जा रही है तो काम करने वालों की मानदेय में वृद्धि होनी चाहिए। प्रदीप यादव अनुपूरक बजट के समर्थन में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि अब समय कम है। ऐसे में सरकार काम में तेजी लाय।

प्रदीप यादव ने कहा कि सदन से संदेश जाना चाहिए की पांच साल के लिए सरकार चुन कर आई है। क्योंकि, कुछ हैं जो चाहते हैं कि जल्द चुनाव हो। नियुक्ति शुरू हुई तो ये जल्द चुनाव चाहते है। काम करने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण, खतियान आधारित स्थानीय नीति किसके इशारे पर रुका है। जाति जनगणना जल्द प्रारंभ हो, उसकी अधिसूचना जारी की जाए।

### तय समय में पूरा करें जलापूर्ति योजना का काम: लोकेश मिश्रा



**खूंटी:** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के तहत जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की अब तक की प्रगति की समीक्षा उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को की। उपायुक्त ने सिंदरी पुरनानगर, उलिहातू, तपकरा, मनहातू, कोयनारा, गोविंदपुर, जयपुर, बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि तय समय सीमा तक कार्य को पूर्ण करना सूनिश्चित करें। सिंदरी पुरना नगर बहु जलापूर्ति योजना की प्रगति पर असंतोष जताते हुए डीसी निर्देश दिया कि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। कोयनारा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की प्रगति पर उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्य में तेजी लाये और तय समय में कार्यों को पूर्ण करें। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, खूंटी के प्रगति पर जिला समन्वयक द्वारा बताया गया कि अब तक 21 ग्रामों को फाइव स्टोर मॉडल श्रेणी में लाया जा चुका है। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि अबुआ आवास में शौचालय की इंट्री संबंधित प्रखण्ड में स्वीकृत सूची के अनुरूप पूर्ण किया जाये।

### पत्थर खदान में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत

**हजारीबाग:** चौपारण प्रखंड के डेबो पंचायत के रेनबो कर्मा में मंगलवार को एक पत्थर खदान में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि दो मजदूर घायल हो गए। मृतकों की पहचान मो समसुद्दीन अंसारी(45) और मनोज भुइयां (25) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खदान में लगभग 20 से 25 मजदूर अलग-अलग जगह पर काम कर रहे थे। इसी बीच एक मजदूर जो पत्थर खदान में ड्रिल का कार्य कर रहा था, अचानक उसपर खदान का चाल धंस गया। यह देख उसे बचाने के लिए तीन मजदूर उसकी ओर दौड़े और उसे निकालने का प्रयास करने लगे। इसी बीच दुबारा खदान का चाल धंस गया. जिससे बचाने गए तीनों मजदूर भी दब गए। तभी बाकी लोग तीनों को निकालकर अस्पताल ले गए, जहां एक और मजदूर ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल अन्य दो मजदूरों की स्थिति सामान्य बताया जा रही है। इधर घटना के बाद ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि खदान मालिक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से न्याय संगत कारवाई की मांग की है। घटना की खबर सुनकर सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी दीपक सिंह, जिप सदस्य रवि शंकर अकेला पहुंचे और घटना का जायजा लिया। सीओ ने बताया कि घटना की सूचना एसडीओ और डीसी को भी दे दिया गया है। न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

## हाथियों का आतंक जारी



**मुरी/मेट्रो रेज :** सिल्ली थाना अंतर्गत लोटा पंचायत के मोदीडीह टोला में हाथी ने दरवाजा तोड़ दिया जिससे आसपास में दहशत कायम हो गया । हाथी ने बीती रात भृगु महतो के घर का बाउंड्री वॉल भी तोड़ा साथ में दरवाजा को भी क्षतिग्रस्त किया। वही दूसरी तरफ गोला प्रखंड अंतर्गत कोरैंबो गांव में विनती देवी जब नदी स्नान करने गई थी सियार के चपेट में आ गए शियार ने उसको कई जगह जख्मी कर दिया।

अंतर विद्यालय पूर्वी कमांड हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता

## आर्मी पब्लिक स्कूल को मिला द्वितीय स्थान



रांची: आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पूर्वी कमांड क्लस्टर लेवल हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता जिसका आयोजन सूकना ( पश्चिम बंगाल) में करवाया गया था ,में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।उसमें मास्टर आकाश कुमार, शाश्वत कुमार और कुमारी आद्या ने भाग लेकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों को आज की प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य श्री अभय कुमार सिंह ने सम्मानित किया और उन्हें उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । स्कूल के अध्यापकों प्रवीण कुमारी और डॉ. प्रभास कुमार झा ने बच्चों को तैयार करवाने में अपना पूरा सहयोग दिया। विद्यालय प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बच्चों की इस उपलब्धि पर अध्यापकों को भी बधाई दी और उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## क्षेत्रवासियों ने गड्ढे में तब्दील सड़क पर धान रोपनी कर जताया विरोध

मेट्रो रेज



**रांची :** रातु, रिंग रोड, सिमलिया, नयाटोली से मेजर कोठी तक जाने वाली सड़क जो सैकड़ों गड्ढे में तब्दील हो गई है, सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए सिमलिया वासियों ने सड़क पर धान रोपकर नाराजगी जताई। हटिया विधानसभा आजसू प्रभारी भरत कांसी व राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित धान रोपनी कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का विरोध किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सांसद विधायक व झारखंड सरकार का विरोध करते हुए बीच सड़क पर धान रोपनी किया। इस अवसर पर राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर जमकर नारेबाजी की। सड़क नहीं-तो वोट नहीं, के साथ विरोध जाहिर की। क्षेत्रवासियों ने हटिया विधायक, सांसद और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। सिमलिया वासियों के अनुसार रिंग रोड से नोभानगर होते हुए मेजर कोठी को जोड़ने वाली गरीब ढाई किलोमीटर तक सड़क बड़े-बड़े गड्ढे के साथ दलदल में तब्दील हो चुकी है। वहां दो पहिया, चार पहिया वाहन तो दूर, इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक, सांसद से सड़क बनवाने को लेकर गुहार लगाई गई। पर किसी ने भी उनकी एक ना सुनी। आज तक जनता को यही आश्वासन दी गई की रोड पास है, बहुत जल्द सड़क की निर्माण कार्य शुरू की जाएगी! परंतु आज तक सड़क की निर्माण शुरू नहीं हो पाई है! यहां तक की क्षेत्रवासियों के द्वारा रिपेयरिंग, मरम्मती की भी मांग की गई, जिससे आवागमन कुछ हद तक आसान हो सके? जिसकी आज तक अनसुनी व अनदेखी की जाती रही। मौके पर उपस्थित हटिया विधानसभा आजसू प्रभारी भरत कांसी ने कहा कि 2011-12 में ग्रामीण विकास मंत्री सुदेश कुमार महतो द्वारा इस सड़क को बनवाया गया था। परंतु उसके बाद से अभी तक सड़क निर्माण में किसी तरह की कार्य नहीं किया गया। सड़क आज भी निर्माण कार्य का राह देख रहा है। क्षेत्रवासियों के कई बार गुहार लगाने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हुआ, तो अंत में क्षेत्रवासियों ने थक हार कर धान रोपनी करने का निर्णय लिया। ताकि राज्य सरकार के साथ सांसद, विधायक की भी आंख खुले। वहीं सिमलिया वासी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि रातु, रिंग रोड में हीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का फार्म हाउस है, जिसके कारण आसपास के भूमि पर सभी वर्गों के लोगों ने बड़े ही चाव से अपना आशियाना बनाया। लोगों को उम्मीद थी कि, धोनी के क्षेत्र में रहनेझ्र बसने से उन्हें यहां तमाम तरह की सुविधा मिलेगी। परंतु काफी जर्जर हो चुकी सड़क में बारिस के दिनों में बड़े बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से, और गर्मी के दिनों में धूल उड़ने से परेशान मोहल्ले वासी सड़क नहीं बनने के कारण, अच्छी सड़क तक के लिए तरस गए हैं। जिससे लोग निराश और हताश हैं । कहा कि सड़क खराब होने का सबसे बड़ा कारण आवासीय क्षेत्र जो आज औद्योगिक क्षेत्र बनाते जा रहा है। जिसके कारण, सड़क की क्षमता से कई गुना अधिक भारी वाहनों का परिचालन होना है।

मौके पर खुशियाल साहू, वीरू मुंडा, संजय गोप, अवधेश कुमार, अशोक कुमार, रणजीत सिंह, शिबू लोहरा,मंगल मुंडा, प्रतीक अत्रे, लक्ष्मी कच्छप, सोनाली कुमारी, वीणा सिंह, अनु सिंह, रूपा देवी, चिंटू मिश्रा, बृजेश शर्मा,राजीव यादव ,सुरेंद्र उरांव, छोटू मुंडा, बबलू साव व सैकड़ो महिला व पुरुष मौजूद थे।

## सच्चाई और जीवन के अनुभव से परिपूर्ण है प्रेमचंद का साहित्य

श्री अग्रसेन स्कूल में मनाई गई साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती

मेट्रो रेज

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में बुधवार को साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास, कविताओं की आधुनिक समय में प्रासंगिता, कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश के बारे में बताया गया।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि प्रेमचंद हमारे समाज के सजग प्रहरी थे। उनको याद करके हम उनके विचारों से सीख सकते हैं और समाज को दिशा दे सकते हैं। उनके उपन्यास व कहानियों में सच्चाई व जीवन के अनुभव की झलक मिलती है। उनकी रचना का परिवेश ज्यादातर ग्रामीण रहा है। निदेशक अकादमिक एसके चौधरी ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद को उनके प्रेरक उद्धरण और अनूठी लेखन शैली के लिए याद किया जाता है। प्रेमचंद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने वे स्वतंत्रता-पूर्व युग के दौरान थे। उनका साहित्य, उनके द्वारा लिखे गए पात्र, जिन समस्याओं के बारे में उन्होंने बात की है, हम अभी भी उन पर काबू पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चाहे वह गरीबी हो या भेदभाव हो। शिक्षिका दीपिका तिवारी ने बच्चों को बताया कि प्रेमचंद ने 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें लिखी हैं। प्रेमचंद के साहित्य और उनकी जीवनी पर आधारित विषय पर विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।



## सीवीओ, सीसीएल ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा, डीडीयू का उद्घाटन




मेट्रो रेज

**पिपरवार :** अशोका परियोजना की आरएफआईडी आधारित स्वचालित डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट (डीडीयू) का उद्घाटन सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने किया। अशोका डीडीयू स्वचालन लागू करने वाली पहली परियोजना है। उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक (सीसीएमसी), महाप्रबंधक (उत्खनन) और पिपरवार के क्षेत्रीय महाप्रबंधक भी मौजूद थे।

अपने संबोधन के दौरान, सीवीओ श्री कुमार ने प्रौद्योगिकी और पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 63 डीडीयू में से 59 पहले ही डिजिटल हो चुके हैं, और उनका स्वचालन जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने 93% कोयला ग्रेड हासिल करने के लिए सीसीएल प्रबंधन को बधाई भी दी।

पिपरवार क्षेत्र के अपने दौरे में, श्री पंकज कुमार ने अशोका ओपन कास्ट (ओसी) परियोजना, कायाकल्प वाटिका का दौरा किया और एक पौधरोपण अभियान में भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने नव विकसित सौर संयंत्र का भी दौरा किया।

अपने दौरे के समापन पर उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों को संबोधित किया तथा पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-संचालित संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### हाईकोर्ट में उपस्थित हुए ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अलोक में आज बुधवार को राज्य के वरीय कअर अधिकारी और ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत को यह बताया कि किस नियम के तहत रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग सेवा में लिया जाता है। वहीं राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब भी दाखिल किया गया । इसके बाद अदालत ने अगली पेशी में ऊर्जा सचिव को सशरीर पेशी से मुक्त करते हुए प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया । विद्युत विभाग में उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए राजेश सिंह ने हाईकोर्ट में दायर की है जनहित याचिकाः दरअसल राजेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है । राजेश कुमार ने जनहित याचिका में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति की मांग की है। इस मामले में हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ऋतु कुमार ने पक्ष रखा।

### मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के लिए शिविर में देना होगा आवेदन : बीडीओ

**शिविर का आयोजन तीन अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायतों में**

**रांची :** बसंतराय प्रखंड में महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इसको लेकर पंचायत सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड कर्मी को निर्देश पत्र के माध्यम से बीडीओ प्रभास चंद्र दास द्वारा निर्देश जारी किया गया है। इसमें प्रखंड के सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव, बीएलओ, पीडीएस डीलरों एवं जेएसपीएलएस की सदस्य को पत्र प्रेषित किया गया है। बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये दिया जाएगा। योजना का लाभ शत-प्रतिशत महिलाओं तक पहुंचाने में सभी की भूमिका अहम होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को तीन से दस अगस्त तक सभी पंचायतों में लगने वाले शिविर में आवेदन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा। आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड की छाया प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना है। 10 से 15 अगस्त तक आवेदनों की जांच होगी। संभवतः 16 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महिला बाल विकास मंत्री देवी द्वारा राशि सीधे लाभुकों के खाते में भेज कर योजना की शुरूआत की जाएगी।

### झारखंड में शिक्षा विभाग के 39 अफसरों का तबादला, जयंत बने जैक के सचिव

**रांची :** राज्य सरकार ने राज्य शिक्षा सेवा के 39 पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी।द इसके तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा को झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, काउंसिल के वर्तमान सचिव सच्चिदानंद द्विवेदू तिग्गा को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में प्रशासी पदाधिकारी बनाया गया है। कई जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक भी बदले गए हैं।

## कोर्ट की मनाही के बावजूद दुमका में मकान पर चला बुलडोजर

**उच्च न्यायालय की फटकार**

**5 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश**

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में अतिक्रमण बताकर मकान तोड़े जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मकान फिर से बनाने और प्रार्थी को पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश सरकार को दिया है। इस संबंध में ओमप्रकाश ने याचिका दायर की है।

अदालत ने आदेश में कहा कि जब हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय में अपीलीय प्राधिकार में अपील दाखिल कर दिया था।

कोर्ट ने मकान नहीं तोड़ने का आदेश दिया था, तो उनका मकान क्यों तोड़ा गया। मकान तोड़ने के पहले झारखंड सरकारी जमीन अतिक्रमण एक्ट के तहत कोई कार्यवाही भी नहीं चलाई गई।





**क्या है पूरा मामला**

मामले में दुमका सदर सीओ ने उनकी जमीन को अतिक्रमण बताते हुए दो सप्ताह में हटाने का नोटिस आठ जून 2016 को दिया था।

**झारखंड विधानसभा सत्र**

# जब से जेल से बाहर आया हूं विपक्षियों को ज्यादा परेशानी हो रही है : सीएम

- विपक्ष के सभी सवालों का जवाब दूंगा
- इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा और मंशा भी समझ लिया



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुलकर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा। सीएम बुधवार को सदन में अनंद ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे। इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहेबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी।

### 2013-14 में मैनें ही रखी थी आधाशिला

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैनें जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं। गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। गंगा नदी से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़ने आयी हैं। इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं। इसको मैं खुद देखूंगा। जल्द से जल्द मिलजुल कर ये काम पूरा करेंगे।

## एसडीओ ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण, बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण



मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), सदर सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार को बीएलओ की ओर से घर-घर मतदाता सत्यापन और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने से संबंधित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान कुमार ने मतदान केन्द्र 05, 06, 08, 17, 52, 56, 58 के बीएलओ की ओर से किये गये कार्य का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि अविलम्ब शत-प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें। प्रति बीएलओ कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदान केन्द्र संख्या 05, 06 तथा मतदान केंद्र संख्या 58 के बीएलओ की ओर से धीमी गति से कार्य करने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आनंद मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी

**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के बीजेपी कार्यालय के पास आनंद मोबाइल शॉप नामक दुकान में बीते रात चोरी हो गयी। बताया जाता है कि चोरों ने दुकान में पडे लगभग डेढ़ लाख रुपये नगद व 90 से ज्यादा महंगे मोबाइल चुरा लिया और फरार हो गये। चोरी के बावत दुकान के संचालक की ओर से संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सूचना पाते ही पुलिस मौक पर पहुंची और दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाले। पुलिस का कहना है कि चोर जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

## सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में पूछे गए आउट ऑफ सिलेबल सवाल, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति की परीक्षा में पूछे गए सवालों को आउट ऑफ सिलेबल बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अभ्यर्थी कुंज बिहारी और अमितोष महतो ने अधिवक्ता कुशल कुमार एवं तेजस्विता सफलता के माध्यम से याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि पिछले 14 जून की प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को उल्टे सवाल दे दिए गए यानी कि अभ्यर्थियों को जो सवाल मिले वह आउट ऑफ सिलेबस थे। पेपर 2 के 23 भाषाओं में शामिल पंचपरगनिया एवं कुरमाली के पेपर में सवाल ठीक उलट नजर आए यानी की यह परीक्षा दो कैटेगरी में लिए जा रहे थे। पहले कैटेगरी थी पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक वहीं दूसरी कैटेगरी थी छठवीं कक्षा से आठवीं कक्षा तक, लेकिन अभ्यर्थियों को जो सवाल मिले वह ठीक उल्टा था। पहले से पांचवी कक्षा के लिए परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को छठवीं से आठवीं के सवाल मिले, वहीं छठवीं से आठवीं की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के सवाल मिले। ऐसे सवालों की संख्या लगभग 50 है। इस परीक्षा में करीब 7 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए हैं, ऐसे में अदालत का क्या रूख होगा यह देखना दिलचस्प होगा।





### सहायक शिक्षकों को साल 2013 से दें ग्रेड 4 में प्रमोशन का लाभ : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को वर्ष 1994 में नियुक्त सहायक शिक्षकों को वर्ष 2013 से ग्रेड 2 से ग्रेड 4 में प्रोन्नत करने और प्रोन्नति का लाभ देने का आदेश दिया है। दरअसल बीपीएससी(बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन) द्वारा नियुक्त कई शिक्षकों के प्रमोशन में अनियमितता बरती गयी थी। इसके बाद सहायक शिक्षण कमलेश कुमार पाठक, गिरिजानंदन विश्वकर्मा, राजेश कुमार यादव समेत अन्य ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार चौबे ने बहस की।

## विस सत्र : सांसद कालीचरण मुंडा ने सदन में की खूंटी बाईपास सड़क निर्माण की पुरजोर मांग



मेट्रो रेज

**खूंटी :** स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा ने सदन में खूंटी में अविलम्ब बाईपास निर्माण कराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। वर्षों से बाईवास सड़क का निर्माण यहां जनता की प्रमुख मांग रही है। उन्होंने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह आज सदन में किया। उन्होंने कहा कि इससे खूंटी की जनता को जाम से राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं पर रोक लगेगा । सदन को उन्होंने बताया कि खूंटी में चारों दिशाओं के औद्योगिक क्षेत्र से भारी वाहनों का प्रवेश मुख्य सड़क पर होता है। जमशेदपुर, राउरकेला, चाईबासा और रांची से गाड़ियां खूंटी की मुख्य सड़क से प्रवेश कर गुजरतीं हैं। जबकि लगभग 300 ट्रेंकर इंडियन वॉयल की इसी भीड भरी मुख्य सड़क पर वाहनों की भारी बोझ के बोझ को अधिक बढ़ा रही है । इस कारण स्थिति भयावह हो जाती है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इस कारण व्यापक जनहित में खूंटी - बाईपास का निर्माण प्रथामिकता देकर यथाशीघ्र कराया जाना फिलहाल सर्व प्रमुख आवश्यकता है ।

# अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों को अविलंब बंद किया जाये : आजसू

मेट्रो रेज





**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त रांची नगर निगम रांची के नाम अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थान को बंद करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अभी हाल ही में दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग सेंटर ( सेल्फ स्टडी क्लास) में पानी भरने से 3 छात्र को मौत हो गई थी । इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर उत्पन्न हुई थी । इस तरह की घटना दोबारा न हो इसको लेकर हम सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है परंतु रांची में भी बहुत से ऐसी कोचिंग सेंटर है जो बिल्डिंग के बेसमेंट में अपनी कोचिंग संस्थान चला रहे है और दिन भर सैकड़ो छात्र- छात्राओं का आना जाना लगा रहता है और ज्यादा बारिश के समय में बेसमेंट में पानी भर जाने की में आशंका भी रहती कोचिंग की प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार भी एक ही है निकलने की कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नही है । रांची में भारी बारिश भी हो रही है बिल्डिंग के आस पास बारिश में नाली भर जाती है आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है । भविष्य में रांची के भी कोचिंग संस्थान में दिल्ली के तर्ज पर कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर आजसू नगर निगम प्रशासन से मांग करती है को रांची में अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग संस्थान को जल्द से जल्द बंद कराया जाए ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो सभी छात्र छात्राओं स्वच्छ वातावरण अपना शिक्षा ग्रहण कर सके । इस तरह के कोचिंग संस्थान अभिलंब रोक नही लगाया गया तो इस विषय को लेकर आजसू बाध्य हो चरणबद्ध आंदोलन करेगी । ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, जमाल गद्दी,आशुतोष सिन्हा, जय कुमार, आनंद यादव, राजेश सिंह, सक्षम झा, नीलाभ रत्न, बबलू मंडल, पवन सिंह, यश सोनी, अभिषेक चौधरी व अन्य उपस्थित थे।


**Office Of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Ranchi East Ranchi.**
**E-mail: eedwsd.ranchieast@gmail.com**

**E-Quotation**

Reference number: 01/2024-25 Date: 29.07.2024

Name of Work :- Request for Quotation for Procurement of Digital Display Board P6 RGB Data Display (LED) under Jal Jeevan Mission.

Website Address: - Jharkhandtenders.gov.in

Date of Publication on Website: - 01/08/2024 at 12:30 PM.

Last date of Submission: - 06/08/2024 up to 03:00 PM.

Date of Opening of e quotation: 07/08/2024 at 04:00 PM.

PR 331242 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

Executive Engineer,
D. W. and S. Division Ranchi East Ranchi

**Office Of The Executive Engineer**
**Water Ways Division, Hazaribagh.**

**Very Short Notice Inviting e- Quotation (4th call)**

**Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in**

**No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation-01/2024-25(4th call) Date: 30.07.2024**

Government of Jharkhand through its public works Department PWD is engaged in framing/revision of Schedule of Rates as part of the endeavour quotations through e- tender are invited for rate of items/materials and hire charges of P&M (including POL) annexed as Annexure-I & Annexure-II for construction works from quarry owners/crusher owners/Reputed manufacturer/ Authorised dealers/suppliers and other stakeholders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate confirming two specifications for inclusion in the schedule of Rates for government of Jharkhand to be used in different civil construction/Infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.in Details of material and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 31.07.2024 at 11:00 hours to 07.08.2024 at 15:00 hrs.

The quotation will be opened on 08.08.2024 at 12:00 hours. The quotation is invited to ascertain and access the rate of materials as per with lowest market rate for framing of schedule of rate.

Executive Engineer,
WaterWays Division,
Address-WaterWaysDivsion,Hazaribag
Mobile number-7280967608
Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR 331263 Water Resource(24-25).D

**झारखंड सरकार**
**राज्य ग्रामीण विकास संस्थान हेहल, रॉची**
**Ph. No: 65135-02613 Email: sirdranchi@gmail.com sird.jharkhand@nic.in**

पत्रांक:– II-04/2020/537 दिनांक– 30.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, रॉची के कार्यालय एवं छात्रावास के उपयोगार्थ पुराने एवं बेकार सामग्रियों (Furniture & Electronic Articles) की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निम्नलिखित शर्ते हैं :–

नियम एवं शर्तें

1. निविदाकर्ता (Furniture & Electronic Articles) का अलग–अलग Bid जमा करेंगे।
2. निविदाकर्ता मुहरबंद निविदा दिनांक– 14/08/2024 तक अपराह्न 03:00 बजे कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
3. निविदा दिनांक–16/08/2024 को निदेशक, सर्ड के द्वारा में गठित आन्तरिक क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उनके कार्यालय कक्ष में अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी।
4. निविदा के साथ अग्रधन रू० 5,000/– (पाँच हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो निदेशक, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, रॉची के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा।
5. निविदाकर्ता के द्वारा क्रय किये गये सामग्रियों को उठाने का व्यय का वहन स्वंय करना होगा। निविदाकर्ता सामग्रियों का अवलोकन कार्यालय अवधि में संस्थान में कर सकते है।
6. निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदाकर्ता को स्वीकृति के दो दिनों के अन्दर सामग्रियों को उठा लेना होगा।
7. जिन निविदाकर्ता का निविदा अस्वीकृत होगा उनका अग्रधन निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर वापस कर दिया जायेगा।
8. सीलबंद निविदा सुस्पष्ट अक्षरों में क्रय दर के साथ अंकित होना चाहिए।
9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार निदेशक के पास सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
(राजेश सिंह)
निदेशक
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड), रॉची।

PR.NO.331223 SIRD(24-25):D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## मुफ्त अनाज कब तक

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक बार फिर तीन महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह योजना 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। यह इस योजना का सातवां विस्तार है। ध्यान रहे, इसकी शुरूआत अप्रैल 2020 में तब की गई थी, जब कोरोना को बेकाबू होने से रोकने की कोशिशों के तहत देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की गई थी। उस दौरान अचानक सारा कामकाज ठप हो जाने और आजीविका के साधन समाप्त हो जाने की वजह से देश में कमजोर तबकों के सामने जीवन निर्वाह की समस्या पैदा हो गई थी। उस कठिन दौर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार ने दो महीने के लिए यह योजना घोषित की, जिसके तहत 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो गेहूं और चावल मुफ्त मुहैया कराए गए। चूंकि कोरोना की समस्या जारी रही, इसलिए सरकार ने अप्रैल 2021 में फिर से यह योजना घोषित की। इस बार भी यह दो महीने के लिए थी, लेकिन इसे पांच महीने के लिए बढ़ा दिया गया। तब से इसे लगातार बढ़ाया जाता रहा है। चूंकि अब कोरोना के वैसे हालात नहीं रहे, जन जीवन सामान्य हो चुका है, काम धंधे शुरू हो चुके हैं, इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि इस योजना को और विस्तार नहीं दिया जाएगा। यूक्रेन युद्ध के कारण जहां दुनिया में सप्लाई चेन बाधित हुई वहीं अनाज की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। बढ़ी हुई महंगाई दर और रुपये की कमजोरी के चलते देश की वित्तीय स्थिति भी कमजोर हुई है। इसलिए वित्त मंत्रालय इस योजना को मिलने वाले विस्तार की वजह से करीब 45000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय का सुझाव था कि अगर योजना को विस्तार देना ही है तो भी उसमें अनाज की मात्रा कम की जानी चाहिए। मगर कैबिनेट के फैसले के मुताबिक योजना अपने पुराने स्वरूप में ही जारी रहेगी। ध्यान रहे, साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। स्वाभाविक ही आरोप लग रहे हैं कि सरकार के इस फैसले के पीछे चुनावी हित हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले की वजह से गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आएगी और उनके घर में चूल्हे जलते रहेंगे। निश्चित रूप से किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को देश की आबादी के कमजोर हिस्सों की चिंता होनी चाहिए। लेकिन उसी चिंता का एक रूप यह भी है कि देश की वित्तीय संरचना पर हद से ज्यादा बोझ न पड़े। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने मुफ्त घोषणाओं को मुद्दा बनाया था और राजनीतिक दलों को इससे बचने की जरूरत बताई थी। ऐसे में इस योजना को मिला विस्तार खुद सरकार की प्राथमिकताओं पर कुछ असुविधाजनक सवाल तो खड़े कर ही गया है।

## भारत की ओलंपिक उम्मीदें

**फ्रांस** की राजधानी पेरिस में 53वें ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया। प्रेम की नगरी में ये खेल 11 अगस्त तक खेले जाएंगे और समन्वय, सौहार्द और स्नेह के असंख्य उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। दुनिया के 206 देशों के 10,714 खिलाड़ी ओलंपिक में शिरकत करेंगे। उनमें से भारत के 117 खिलाड़ी 16 खेलों और 69 इवेंट्स में पदक और राष्ट्र के सम्मान के लिए जूझेंगे। करीब 100 साल पहले 1924 में भी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पहली बार भारतीय दल ने अधिकृत तौर पर भाग लिया था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी ने भी उसी ओलंपिक में हिस्सा लिया था। इतिहास उसी को दोहरा रहा है, लेकिन आज भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। खिलाड़ियों के हुनर को तराशने और विश्वस्तरीय बनाने के मद्देनजर भारत ने खिलाड़ियों पर 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपये एथलेटिक्स पर खर्च किए गए हैं, लिहाजा पदकों की उम्मीदें भी देश कर रहा है। बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु और 5वीं बार ओलंपिक खेल रहे, 42 वर्षीय, टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरथ कमल भारतीय खिलाड़ी दल के ध्वजवाहक बने। यह भी राष्ट्रीय सम्मान है। इस बार सबसे अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है, लिहाजा सबसे अधिक खिलाड़ी भेजे गए हैं। भारतीय दल में कई विश्व चैंपियन खिलाड़ी हैं-नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), अंतिम पंघाल (कुश्ती) और मनु भाकर (निशानेबाजी) आदि। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं-सात्विक चिराग की जोड़ी, लक्ष्य सेन, सिंधु (सभी बैडमिंटन खिलाड़ी), विनेश फोगाट (कुश्ती), मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और पुरुष हॉकी टीम। काश! शतरंज और क्रिकेट भी ओलंपिक खेलों में शामिल होते, तो उनके खिलाड़ी भी विश्वस्तरीय श्रेणी में गिने जाते! भारत में खेल मंत्रालय का बजट 3442 करोड़ रुपए तय किया गया है।यह देश के जीडीपी का मात्र 0.01 फीसदी से भी कम है। पश्चिम में कई विकसित देश खेलों पर 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक खर्च करते हैं। भारत में प्रति नागरिक औसतन 25 रुपए खेल पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत की उम्मीद है कि इस बार उसके खिलाड़ी पदकों की दहाई पार करेंगे। 2004 में ब्राजील ने 10 पदक जीत कर अपना लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते थे। देश के लिए वह महान उपलब्धि थी, क्योंकि अधिकतर खेल मुकाबलों में भारत पदकहीन ही रहता आया है। इस बार एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों में पदकीय जीत की उम्मीदें कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन खेलों के खिलाड़ियों ने विश्व चैम्पियन टीमों और खिलाड़ियों को भी मात दी है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि टोक्यो ओलंपिक में हॉकी की जिस महिला टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। यह खेल और प्रशिक्षण के हरेक स्तर की अयोग्यता है। भारोत्तोलन में कोई भी पुरुष खिलाड़ी ओलंपिक का पात्र नहीं समझा गया। महिला वर्ग में भी मीराबाई चानू अकेली ही दायित्व उठा रही है। उनके बाद कोई भी दूसरी महिला खिलाड़ी ओलंपिक के स्तर की नहीं है। जिम्नास्टिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व शून्य है। तलवारबाजी में भवानी देवी का कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है और पुरुष पहलवान भी एक रह गया है।

# आरबीआई और पायलट प्रोजेक्ट

एक रोचक बात यह सामने आई कि भारतीय समाज में इन दिनों नियमित खर्चों के भुगतान के लिए नकद मुद्रा तथा यूपीआई के उपयोग का प्रतिशत तकरीबन बराबर हो गया है। छोटे खर्चों के भुगतान के लिए लोगों की पहली प्राथमिकता नकद मुद्रा का उपयोग ही है। मुद्रा के नए डिजिटल प्रारूप सीबीडीसी लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य नकद मुद्रा के प्रबंधन से संबंधित लागत को कम करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मुद्रा की छपाई तथा रखरखाव, भंडारण व परिवहन पर तकरीबन 4,984 करोड़ रुपये खर्च हुए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से करीब 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। अगर डिजिटल मुद्रा का प्रचलन बढ़ जाएगा, तो इस लागत को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**अजय बोकिल**

पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के पहले डिजिटल रुपी पायलट प्रोजेक्ट को थोक सेगमेंट में लॉन्च कर दिया है। इस डिजिटल रुपया को देश में लीगल टेंडर के तौर पर जारी किया गया। केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक फरवरी, 2022 को केंद्रीय बजट पेश करते हुए डिजिटल मुद्रा के संबंध में घोषणा की थी। भारत अब विश्व के उन चुनींदा देशों में शामिल हो गया है, जो अपनी डिजिटल मुद्रा जारी कर चुके हैं। भारतीय समाज में पिछले दो-तीन दशकों में व्यावसायिक व व्यक्तिगत लेन-देन में टेक्नोलॉजी का उपयोग बड़ी तेजी से बढ़ा है। इसकी शुरूआत एटीएम कार्ड से हुई। उसके बाद व्यक्तियों को अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली से जोड़ने के लिए बैंकिंग व्यवस्था द्वारा समय-समय पर टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया। इसी के फलस्वरूप वर्ष 2004 में सबसे पहले आरटीजीएस, वर्ष 2005 में नेफ्ट, 2010 में आइएमपीएस, 2011 में सीटीएस, 2012 में एनएसीएच को बैंकिंग के तहत उपयोग में लाया जाने लगा। वित्तीय लेन-देन में टेक्नोलॉजी के उपयोग से कई फायदे सामने आने लगे, जिनमें मुख्यतः समय की बचत सबसे उपयोगी सुविधा बनी। इससे बैंकिंग




सुविधाओं का उपयोग 24 घंटे संभव होने लगा। काले धन पर अंकुश के अलावा, नोटबंदी का एक उद्देश्य अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करना भी था। उसी के परिणामस्वरूप यूपीआई भुगतान प्रणाली बड़ी तेजी से बढ़ी। विभिन्न ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से मुद्रा का भुगतान किया जाने लगा। कोरोना महामारी के दौरान यूपीआई सिस्टम ने बड़े पैमाने पर भारतीय समाज को मुद्रा के डिजिटल लेन-देन में सहायता की। लेकिन आज भी भारतीय समाज में नकद मुद्रा का प्रचलन काफी ज्यादा है। रिजर्व बैंक द्वारा भारत के छह बड़े शहरों में किए गए एक सर्वे के मुताबिक, तकरीबन 41 प्रतिशत लेन-देन यूपीआई से हो रहे हैं, तो 55 प्रतिशत लेन-देन आज भी नकद मुद्रा के माध्यम से होते हैं। एक रोचक बात यह सामने आई कि भारतीय समाज में इन दिनों नियमित खर्चों के भुगतान के लिए नकद मुद्रा तथा यूपीआई के उपयोग का प्रतिशत तकरीबन बराबर हो गया है। छोटे खर्चों के भुगतान के लिए लोगों की पहली प्राथमिकता नकद मुद्रा का उपयोग ही है। मुद्रा के नए डिजिटल प्रारूप सीबीडीसी लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य नकद मुद्रा के प्रबंधन से संबंधित लागत को कम करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मुद्रा की छपाई तथा रखरखाव, भंडारण व परिवहन पर तकरीबन 4,984 करोड़ रुपये खर्च हुए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से करीब 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। अगर डिजिटल मुद्रा का प्रचलन बढ़ जाएगा, तो इस लागत को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सीबीडीसी का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि भविष्य में सरकार अपनी सभी सामाजिक कल्याण योजनाओं के भुगतान के लिए इसी मुद्रा का उपयोग कर सकती है। डिजिटल मुद्रा को बैंक नोट में बदला जा सकता है। विदेशों में पैसे भेजने की लागत में कमी आएगी। इससे डिजिटल रुपये की वैल्यू मौजूदा मुद्रा के बराबर होगी। इस मुद्रा का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि अगर इस मुद्रा पर ब्याज रूपी अतिरिक्त आय प्रचलन में नहीं रहेगी, तो आम व्यक्ति में इसके उपयोग के प्रति प्रोत्साहन कम रहेगा। वहीं अगर इसमें ब्याज की आय को जोड़ा जाता है, तो निश्चित रूप से बैंकों की वित्तीय जमा में कमी आएगी तथा उसका प्रत्यक्ष नुकसान बैंकों द्वारा आम लोगों को दिए जाने वाले वित्तीय ऋण की तरलता पर पड़ेगा। हमारे मुल्क में आज भी समाज का एक बहुत बड़ा तबका बैंकिंग सुविधाओं से वंचित है।

# पर्यटन में नंबर वन कैसे बनेगा भारत?

विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन के मामले में भी भारत काफी निचले स्तर पर है। यहां तक कि टॉप-10 की लिस्ट में भी भारत का नाम नहीं है। टॉप-10 में क्रमश: फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन, इटली, तुर्की, मैक्सिको, थाईलैंड, जर्मनी और ब्रिटेन हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत दुनिया भर में 24वें स्थान पर है। इसी से देश में पर्यटन की स्थिति और इसे प्राथमिकता देने के हाल का पता चलता है। अगर बात करें पर्यटन से होने वाली कमाई का, तो वहां भी भारत विश्व पटल पर टॉप-10 देशों की लिस्ट में नहीं है।

**वीरेन्द्र मेहता**

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन को बढ़ावा देने और सुरक्षित पर्यटन उपलब्ध कराने के लिए पिछले हफ्ते सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को टूरिस्ट पुलिस स्कीम लागू करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने भी टूरिस्ट पुलिस स्कीम में राज्यों के पुलिस प्रमुखों से चर्चा करने पर सहमति दी है। अभी टूरिस्ट पुलिस आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है।

पर्यटन का योगदानः पर्यटन से जुड़े तमाम क्षेत्रों में रोजगार और व्यवसाय की मांग साल भर चरम पर रहती है। देश के कुल रोजगार का 8 से 10 फीसदी हिस्सा पर्यटन उद्योग से ही आता है। पर्यटन देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का भी एक बड़ा स्रोत है। जनवरी-अक्टूबर 2018 के दौरान पर्यटन से विदेशी मुद्रा भंडार में 11.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। पर्यटन मंत्रालय की मासिक गणना के हिसाब से 2020 में विदेशी मुद्रा के रूप में 50136 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। मगर कोरोना के बाद वर्ष 2021 में देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या 2019 के मुकाबले 15 लाख कम हो गई।

**एशिया में हालः** चीन के बाद एशिया में सबसे ज्यादा हेरिटेज साइट्स भारत में ही हैं। चीन में ये 56 तो भारत में 40 हैं। अपनी विविधता भरी संस्कृति के चलते भारत पर्यटन पटल पर दुनिया में नंबर वन हो सकता है, फिर भी फिलहाल तो विदेशी सैलानियों के आने के मामले में यह एशिया में छठे नंबर पर है।



पर्यटन के दम पर बेहतर आर्थिक विकास करते बाकी एशियाई देशों के मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है, फिर भी इसका लाभ नहीं ले पा रहा है।

- 56 हेरिटेज साइट्स की बदौलत चीन में साल भर में 6.6 करोड़ पर्यटक आते हैं तो कुल 6 हेरिटेज साइट वाले थाईलैंड में 3.98 करोड़ पर्यटक।
- 25 हेरिटेज साइट वाले जापान में 3.2 करोड़, 4 हेरिटेज साइट वाले मलेशिया में 2.61 करोड़ और 8 हेरिटेज साइट वाले वियतनाम में 1.8 करोड़ पर्यटक आते हैं।
- और तो और, आर्टिफिशल चीजें बनाकर सिंगापुर और दुबई लगभग 2 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित कर ले रहे हैं।
- वहीं बात भारत की करें तो 40 हेरिटेज साइट्स के बावजूद 2019 में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विविधता से भरे इस देश में कुल 1.79 करोड़ पर्यटक ही आए। विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन के मामले में भी भारत काफी निचले स्तर पर है। यहां तक कि टॉप-10 की लिस्ट में भी भारत का नाम नहीं है। टॉप-10 में क्रमशः फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन, इटली, तुर्की, मैक्सिको, थाईलैंड, जर्मनी और ब्रिटेन हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत दुनिया भर में 24वें स्थान पर है। इसी से देश में पर्यटन की स्थिति और इसे प्राथमिकता देने के हाल का पता चलता है। अगर बात करें पर्यटन से होने वाली कमाई का, तो वहां भी भारत विश्व पटल पर टॉप-10 देशों की लिस्ट में नहीं है। पर्यटन से सबसे ज्यादा कमाने वाले देश हैं- अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इटली। कमाई की लिस्ट में भारत 12वें नंबर पर है।

**अनजान नहीं सरकारः** हालांकि केंद्र सरकार इस क्षेत्र की संभावनाओं से अनजान नहीं है। सरकार ने वर्ष 2022-23 के आर्थिक बजट में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो 2021-22 के बजट से 18.42 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले पर्यटन उद्योग को सरकार पंचवर्षीय योजना में शामिल कर चुकी है। सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) के बाद ही इसे वन्य जीव अभयारण्य, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल, उद्योग-व्यवसाय और स्वास्थ्य पर्यटन का रूप देने का निर्णय किया गया, और पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिला।

अब सरकार ने जिस पर्यटक पुलिस की योजना बनाई है, वह विदेशी पर्यटकों को निश्चय ही एक बड़ा संदेश देगी कि भारत उनकी उम्मीद से भी कहीं ज्यादा सुंदर और सुरक्षित है। अगर यह स्कीम भारतीय पुलिस की औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त ना हुई, तो निश्चय ही विदेशी पर्यटकों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

## प्रेम और ध्यान

**चिंतन-मनन**

विचार की जो धाराएं हमारे चित्त पर दौड़ती हैं,कभी उनके मात्र निरीक्षक हो जाएं। जैसे कोई नदी के किनारे बैठा हो और नदी की भागती हुई धार को देखे, सिर्फ किनारे बैठा हो और देखे। या जैसे कोई जंगल में बैठा हो, पक्षियों की उड़ती हुई कतार को देखे; सिर्फ बैठा हो और देखे। या कोई वर्षा के आकाश को देखे और बादलों की दौड़ती हुई, भागती पंक्तियों को देखे। वैसे ही अपने मन के आकाश में विचार के दौड़ते हुए मेघों को,ङ्क विचार के उड़ते हुए पक्षियों को, विचार की बहती हुई नदी को चुपचाप तट पर खड़े होकर देखना है। जैसे हम किनारे पर बैठे हैं और विचार को देख रहे हैं। विचार को उन्मुक्त छोड़ दें, विचार को बहने दें और भागने दें और दौड़ने दें और आप चुप बैठकर देखें। आप कुछ भी न करें। कोई छेड़छाड़ न करें। कोई रु कावट न डालें। कोई दमन न करें। कोई विचार आता हो, तो रोके न; न आता हो, तो लाने की चेष्टा न करें, पूरी शिद्दत से प्रयास करें। आप मात्र निरीक्षक हों। उस मात्र निरीक्षण में दिखाई पड़ता है,अनुभव होता है, विचार अलग हैं और मैं अलग हूं। क्योंकि बोध होता है कि जो विचारों को देख रहा है, वह विचारों से पृथक होगा,अलग होगा, भिन्न होगा। और जब यह बोध होता है, तो अदभुत शांति घनी होने लगती है। क्योंकि तब कोई चिंता आपकी नहीं है,किसी तरह की परेशानी नहीं है। आप चिंताओं के बीच में हो सकते हैं, चिंता आपकी नहीं है। आप समस्याओं के बीच में हो सकते हैं ,समस्या आपकी नहीं है। आप विचारों से घिरे हो सकते है, विचार आपके नहीं हैं। विचारने से कोई बुद्ध नहीं हुआ, हो सकता है तुम विचारने में किसी की नकल कर सको,बहुत आसान है, लेकिन उसकी व्यर्थता को देखो वह आप के कोई काम का नहीं है। और अगर यह खयाल आ जाए कि मैं विचार नहीं हूं, तो विचारों के प्राण टूटने शुरू हो जाते हैंङ्क विचार निर्जीव होने लगते हैं, मृतप्राय होने लगते हैं। विचारों की शक्ति इसमें है कि हम यह समझें कि वे हमारे हैं। जब आप किसी से विवाद करने पर उतर जाते हैं तो आप कहते हैं,मेरा विचार!' कोई विचार आपका नहीं है। सब विचार अन्य हैं और भिन्न हैं आपसे अलग हैं। उनका निरीक्षण।

## आपके पत्र

### दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हादसा चिंता का विषय

**देश** की राजधानी दिल्ली में एक बहुत दुखद हादसा हुआ है। पुराने राजेंद्र नगर में स्थित एक कोचिंग सेंटर में, जोकि बेसमेंट में था, पानी भरने से कुछ छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। छात्रों ने बताया कि कुछ ही पलों में पानी छात्रों की जान का दुश्मन बन गया। इस हादसे ने फिर सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल तो यह है कि आखिर इस कोचिंग सेंटर का निर्माण इस तरह क्यों नहीं किया गया कि वहां बारिश का पानी नहीं घुस पाता। हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी जहरीली और गहरी हो चुकी हैं कि लोग दूसरों की जान की परवाह भी भ्रष्टाचार में अंधे होकर नहीं करते। खास तौर पर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

बीके शर्मा, रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

## साहिबगंज से खासमहल की समस्या जल्द हो समाप्त : विष्णु जायसवाल



**साहिबगंज :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय साहिबगंज के समक्ष झारखण्ड मजदूर संघ प्र. के नगर अध्यक्ष विष्णु कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मजदूरों की समस्या व स्थानीय जनमुद्दे सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया।धरना में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद थे। धरना को सम्बोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विष्णु कुमार जायसवाल ने कहा कि साहिबगंज प्रखण्ड क्षेत्र में गंगा कटाव,खास महल की समस्या दियारा क्षेत्र में असर्वेक्षित जमीन की समस्या विकराल है। बेरोजगारी पलायन पत्थर क्षेत्र के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान होना मनमानी ढंग से छंटनी कर देना जेसीबी मशीन उपयोग में लाना श्रम कानून का घोर उल्लंघन होता हैं जो जिला प्रशासन के लिए चिंतनीय व गंङ्गीर विषय हैं। श्री जायसवाल ने जिला प्रशासन से सभी समस्या को जल्द पूरा करने की मांग की है। धरना के बाद उपायुक्त के नाम प्रखण्ड कार्यालय कर्मी को मांग पत्र सौंपा। मौके पर नगर अध्यक्ष विष्णु कुमार जायसवाल,केंद्रीय महामंत्री राज कुमार यादव, चंचल यादव, शंकर यादव,वर्णवास मरांडी,आयुष कुमार,सुमित ठाकुर,गोलू कुमार,सुभम कुमार, प्रशांत यादव,धर्मपाल किस्कू,अर्चना पांडेय, फूलकुमारी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं ने किया बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण



**बासुकीनाथ :** विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ धाम में लगी श्रावणी मेला के 9वें दिन जहाँ एक तरफ बड़ी संख्या में श्रद्धालु अर्घा सिस्टम के माध्यम से बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ जलार्पण काउंटर के माध्यम से बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने बाबा पर जलार्पण किया। दरअसल सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ की 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा के बाद श्रद्धालु बाबा फौजदारी नाथ के दरबार में पहुंचते हैं इस दौरान कई बार श्रद्धालु कतार में खड़े नहीं हो सकते जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जलार्पण काउंटर की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु जलार्पण काउंटर के माध्यम से बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण कर सकते हैं तथा इसका सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देख सकते हैं। सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अर्घा के माध्यम से जलार्पण करने के लिए खड़े थे वहीं दूसरी तरफ जलार्पण काउंटर में भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या देखी गई। पुरोहित पूजा के उपरांत जैसे ही जलार्पण शुरू हुआ जलार्पण काउंटर को भी खोल दिया गया था श्रद्धालु लगातार जलार्पण काउंटर में कतारबद्ध होकर जलार्पण कर रहे थे। 9 वें दिन जलार्पण काउंटर से शाम 5 बजे तक लगभग 9000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। जलार्पण काउंटर में भी पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। जो श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने में महत्वपूर्णभूमिका निभा रहे हैं।

## उपायुक्त ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण, विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**बासुकीनाथ :** राजकीय श्रावणी मेला-2024 के 9वें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुँचे एवं कतारबद्ध होकर बाबा का जलार्पण किया। देर रात्रि से ही सङ्गी आवासन केंद्रों बड़ी संख्या में श्रद्धालु विश्राम कर रहे थे।सुबह पुरोहित पूजा के उपरांत लगङ्गाग 4 बजकर 10 मिनट पर जलार्पण प्रारभा हुआ। इस दौरान सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने में अपनी भूमिका निभा रहे थे। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे मेंला क्षेत्र के पल पल की गतिविधियों पर नजर रखा रहे थे। इसी क्रम में उपायुक्त ने मेला क्षेत्र,रुट लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक निदेश अधिकारियों को दिया।उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर प्रतिनियुक्त अधिकारी रिलैक्स नहीं करें। श्रद्धालुओं की संख्या कभी भी बढ़ सकती है। पूरी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराना हम सङ्गी का दायित्व है। मेला क्षेत्र में उन्हें कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। उपायुक्त ने प्रशासनिक भवन स्थित कंट्रोल रूम के सीसीटीवी से रुट लाइन सहित मेला क्षेत्र का किया अवलोकन एवं अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए।कहा कि कतारबद्ध श्रद्धालुओं को अधिक देर कतार में नहीं रहना पड़े इसका ध्यान रखा जाय। कम समय मे अधिक से अधिक श्रद्धालु जलार्पण कर सके इस संबंध में उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया।

## मानव तस्करी के आरोपी को जेल

**साहिबगंज/मंडरो :** मिर्जाचौकी पुलिस सब इंस्पेक्टर पवन कुमार यादव ने एक मानव तस्करी के मामले का उद्वेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बच्चा पंचायत अंतर्गत झिरीकभीठा गांव निवासी रायसन टुडू नामक व्यक्ति द्वारा बीते सोमवार को मिर्जाचौकी थाना में एक लिखित आवेदन देकर अपने नाबालिक ङ्गाई को गांव के ही सुरेंद्र मडैया पिता लाल मडैया नगमा के व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर एवं पैसे का प्रलोभन देकर परिजनों को बिना बताए 15 जुलाई 2024 को दोपहर में दिल्ली ले जाने और अब तक वापस नही लाने का आरोप लगाकर थाना में आवेदन दिया था। थाना प्रङ्गारी रूपेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि पीड़ित जब भी आरोपी युवक से अपने नाबालिक भाई के संबंध में कुछ भी पूछता था तो उसे ही उल्टा जान से मारने की धमकी देता था। हालांकि नाबालिक वर्तमान में कहां है पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है मिर्जाचौकी पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही मामले का सफल उद्वेदन कर लिया जाएगा।

## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**साहिबगंज/मंडरो :** आगामी 25 अगस्त से शुरू हो रहा है पल्स पोलियो अङ्गियान को सफल बनाने को लेकर स्वास्थ्य केंद्र मंडरो सङ्गागार में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक डाक्टर साकेत सानु, डब्ल्यू एच ओ मुनेटर बास्की यादव अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में बताया गया कि सफल संचालन को लेकर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करना है। बताया कि कार्यक्रम 25 अगस्त को प्रत्येक बूथ में 26, 27 अगस्त को घर-घर कार्यक्रम चलाया जाएगा बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें सहिया, सेविका, स्वास्थ्य कर्मी को लगाया जाएगा पर्यवेक्षकों को कार्य में प्रतिनियुक्ति किया गया है। बताया कि इसमें के प्रचार प्रसार के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलायें सुनिश्चित करें कार्यक्रम के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत प्राप्त हेतु मंगलवार प्रतीक्षण एवं माइक्रो प्लान के लिए स्वास्थ्य केंद्र मंडरो सभागार में बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जानी है मौके पर बीपीएम ब्रजकिशोर राणा, सीएचओ डिम्पल सहेनी सोलोनी कुमारी आरूशी प्रज्ञा खुशबू, अनुप्रिया किस्कू नीतिन कुमार, पिंकी पाल एम टी एस प्रवीर सिन्हा एमपीडब्लू चंदन ओम प्रकाश गजेन्द्र रमन अमित उपस्थित थे ।

## आम सभा का आयोजन



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र के तेतरिया पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव निर्देश में आम सभा का आयोजन किया गया। मौके पर तेतरिया मुखिया सुनीता मरांडी सुनील सोरेन एनम प्रमिला किस्कू रेखा कुमारी पिरामल टीम डीएल सम्राट हाजरा पीएल अजय केसरी गांधी फेलो कोमल गुप्ता सुअंक मिश्रा ग्रामीण शामिल हुए। सभा के दौरान सम्पूर्णता अङ्गियान के अंतर्गत 6 चिन्हित संकेतकों के बारे में पंचायत के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया एवं मुखिया व एनम द्वारा डायबिटीज व ब्लड प्रेशर के चेकअप कराने हेतु प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। इसका दायित्व वॉर्ड सदस्यों को दिया गया। वार्ड स्तरीय कैम्प के दौरान लाभार्थी की उपस्थिति सुनिश्चित कराया गया ।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक



**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बांझी में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर आमसङ्गा कि बैठक आयोजित कि गई। बैठक कि अध्यक्षता पंसस अमन कुमार ने किया। जिसमे सर्वप्रथम 12 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमे फूलचंद तुरी, पंडित हांसदा, देयमय टुडु, मिरुमय टुडु, सोना मुर्मू, ङ्गोला हांसदा, सुधांशु कुमार, बरुण कुमार जायसवाल, सुमित्रा कुमारी, अनिता ङ्गागत, सोनी देवी व मो० सिराज को सदस्य चुना गया। जिसके बाद सङ्गी सदस्यों ने मिलकर सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर वरुण कुमार उपाध्यक्ष के पद पर मिरुमय टुडु को चयनित किया। इस मौके पर पर्यवेक्षक बीआरपी आसुतोष कुमार, सीआरपी दिनेश कुँवर तांती, प्रधानाध्यापक ङ्गोला पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## फरार चल रहे हत्यारोपी के घर कुर्की जब्ती

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने हत्या आरोपी शाहबली यादव के घर कुर्की जब्ती की गयी है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मनिहारी थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बघार निवासी शाहबली यादव पिता बाबूराम यादव के विरुद्ध थाना में हत्या का मामला दर्ज था और यह लंबे समय से फरार चल रहा हैं। कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की जब्ती की गई।वहीं दूसरी ओर जिरवाबाडी पुलिस ने चानन निवासी राजकुमार मंडल को हत्या के आप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि राजकुमार मंडल के ऊपर हत्या का मामला दर्ज था गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## जाई और सोक्सा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया रक्तदान शिविर



**साहिबगंज :** ओल्ड जवेरियन एसोसिएशन साहिबगंज ने अपने स्थानीय संत विद्यालय से शुरू करते हुए। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न स्थानों में रक्तदान शिविर आयोजित कराई जिसकी शुरूआत विद्यालय परिसर में साहिबगंज जिला के जिला उप कल्याण पदाधिकारी साहिबगंज जिले के सिविल सर्जन संगठन के सचिव अमित कुमार मिश्रा फादर डेविड, कर्नल आनंद व विभिन्न प्रतिष्ठित अतिथियों के कर कमल द्वारा शुरूआत की गई।रक्तदान शिविर यह संगठन पिछले कई वर्षों से साहिबगंज में लगातार चलती आ रही है।और इस वर्ष भी युवाओं एवं युवावतियों के बीच में प्रोत्साहन हेतु संगठन ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संगठन के सचिव अमित कुमार मिश्रा ने विभिन्न कार्यक्रमों में सामाजिक स्तर पर लोगों को प्रेरित करना व संगठन के उद्देश्य जो की पूर्व छात्रों के संगठन को मजबूत करना और उनके द्वारा योगदान लेकर अपने विद्यालय समाज के अन्य वर्गों तक पहुंच कर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेना रहा है। ऊपर खरे उतरे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने हमेशा आगे बढ़कर समाज के लिए काम करने का प्रेरणा दी है।वह स्वयं विभिन्न संगठनों से जुड़कर काम करते आ रहे हैं। और वर्तमान में वे जेसुइट अल्युमिनि एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम में संगठन के ओर से श्रीनिधि, आदित्य राजकुमार ठाकुर, अभिदीप प्रशांत सागर एवं अन्य बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। रक्तदाताओं में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। साथी सहयोग करता के रूप में संगठन की ओर से विवेक भारती, रोहित कर्ण कुमारदीपांशु अरिजीत, आशीष ओझा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर सीमावर्ती इलाकों में लगातार जांच अभियान चलाते रहें: एसपी

साहिबगंज : आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी कुमार गौरव ने जिले के सभी डीएसपी एसडीपीओ थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारी से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी पुलिस पदाधिकारी जुट जाए। जिस तरह से लोकसभा चुनाव को अपने जिले में पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ है। इसी प्रकार विधानसभा चुनाव को भी सभी पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करना है। इस दौरान एसपी ने बीते माह में हुई आपराधिक गतिविधि व गिरफ्तारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर सीमावर्ती इलाकों में लगातार जांच अभियान चलाते रहें। इससे अपराधी गतिविधि पर रोक लगेगी और किसी भी प्रकार का अपराधी तत्व के लोग तस्करी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जितने भी थाने में मामले दर्ज हैं सभी का जल्द से जल्द अनुसंधान कर अपराधियों को जेल भेजें। अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि होने वाले आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके। वहीं दूसरी ओर एसपी ने सड़क सुरक्षा को लेकर सभी थाना प्रभारी को कई दिशा में निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि युवा वर्ग के लोग तेज रफ्तार बाइक चलते हैं। और सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वाहन चेकिंग के दौरान सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित हर बिंदु पर जानकारी मुहैया कराए। साथ ही सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहनान ,जरूरी दस्तावेज साथ में लेकर चलने और तेज गति से बाइक ना चलाने की हिदायत दे जो नियम का उल्लंघन करते हैं। उसे पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा सदर एसडीपीओ किशोर तीर्की राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी , बरहरवा, एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन, सदर महिला थाना प्रभारी दुर्गा गुप्ता, नगर थाना प्रभारी अमित कु० गुप्ता, मुफस्सिल थाना शशि सिंह सहित अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## सामाजिक अंकेक्षण के जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार समहरणालय सभागार में मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड , बाल कल्याण समिति बाल गृह मिसनेरिस ऑफ चेरेटी बरहेट व स्पोंशेरशिप बच्चों का की गई सामाजिक अंकेक्षण का जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में सोशल ऑडिट साहिबगंज के डीआरपी शंकर दास ने कुल 21 मामले को ज्यूरी सदस्यों के बीच रखा इस पर ज्यूरी सदस्यों ने सभी मामलों को निष्पादन हेतु दो दिन के अंदर साक्ष्य के साथ डीसीपीयु के पूनम कुमारी के पास जमा करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में ज्यूरी सदस्य के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, नगर प्रशासक मौजूद थे। साथ ही डीसीपीयू के पूनम कुमारी , सीडब्लुसी के सदस्य डॉ सुरेन्द्र नाथ तिवारी जेजेबी के सदस्य हेमलता एसएयु के कोशर अंसारी, गौतम साह और सीसीआई के सदस्य गण, चाइल्ड हेल्प लाइन एवं डीसीपीयू के कर्मी उपस्थित थे।

## घर की तंगी से परेशान युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र रामपुर दियरा निवासी सोहन कुमार 19 ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। सोहन के पिता कैलाश महतो ने बताया कि घर कि हालत कुछ ठीक नहीं चल रहा हैं। पुत्र सोहन बाजार में पैकारी लोगों को परवल बेचे गया था। लेकिन वह लोग परवल तो खरीद लिया पैसा दूसरे दिन देने की बात कही पुत्र बिना पैसा लिए वापस घर आ गया। मैंने पैसा का हिसाब किताब लिया तो उसने बताया कि पैकारी परवल का पैसा वह बाद में देगा। जब मैंने कहा कि घर के लिए कुछ तो लेकर जाते हैं। जिस घर का खाना पीना बन सकता है। इसी बात को लेकर वह कीटनाशक दवा खा लिया। हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर मुकेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## नैनो मेडिसिन के डिलीवरी सिस्टम को जानना जरूरी है: डॉ अनिल



**साहिबगंज :** इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन नैनोकेमेस्ट्री और टेक्नोलॉजिस्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विश्वविद्यालय रसायन शास्त्र विभाग ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में आयोजित कांफ्रेंस के दूसरे दिन में डॉ अनिल कुमार विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभााग साहिबगंज महाविद्यालय ने स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के साथ आभासी रूप से कांफ्रेंस में भाग लिया। डॉ कुमार ने नैनो ड्रग डिलीवरी सिस्टम एनहांसिंग ट्रीटमेंट एफिशिएंसी फेंसिंग चैलेंजिस एंड एथिकल एप्लीकेशंस पर अपना शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रस्तुत किया। नैनो ड्रग डिलीवरी सिस्टम के महत्व विभिन्न प्रकार के नैनो डिलीवरी सिस्टम, प्रोसेस ऑफ नैनो ड्रग सिस्टम, नैनो ड्रग डिलिवरी सिस्टम की उपयोगिता, लाभ, हानि के बारे में बिंदुवार व्याख्यान में लोगों को अवगत कराया। साथ ही एथिकल इंप्लीमेंटेशन ऑफ नैनो ड्रग डिलीवरी के बारे में बताया।नैनो ड्रग को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने में परेशानियों को बखूबी बताया। टेक्निकल चैलेंज, बायोलॉजिकल बैरियर,सेफ्टी एवं टाक्सीसिटी के बारे में विस्तार रूप में बताया। वर्तमान युग नैनो मेडिसिन का ही है। इससे भिन्न से भिन्न बीमारियों का इलाज सुगमता से किया जा सकता है। जैसे एचआईवी कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, डायबिटीज, अल्ट्रासाउंड में बेहतर चित्रों के सहारे गरीबों का इलाज किया जा सकता है। पुराने जमाने में स्वर्ण भस्म, रजत भस्म, का उपयोग कठिन से कठिन बीमारियों को आयुर्वेदिक रूप से इलाज करने के लिए किया जाता था। नैनो मेडिसिन सरफेस एरिया में सटीक पोजीशन में कार्यकर्ता है जिससे मरीजों को अत्यधिक लाङ्ग होता है। अतः नैनो मेडिसिन के डिलीवरी सिस्टम को जानना जरूरी है ताकि कठिन से कठिन बीमारियों का इलाज सुगमता पूर्वक किया जा सके। इस कांफ्रेंस में देश-विदेश से आए हुए डेलिगेट्स ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। ङ्गारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी,भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद कोलकाता, विनय शुक्ला यूनिवर्सिटी मैरीलैंड टैक्सास, डॉ लक्ष्मण सिंह साउथ कोरिया से अपना व्याख्या ऑनलाइन या ऑफलाइन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## सांसद निशिकांत के बयान के विरोध में झामुमो ने निकाली रैली

### निशिकांत दूबे का फूंका पुतला




**साहिबगंज :** संथाल परगना व बंगाल, बिहार के कुछ जिलों को मिला कर केंद्रीय शासित प्रदेश बनाने के गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में मंगलवार को झामुमो ने शहर के रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट से विशाल रैली निकाल प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने किया। रैली स्टेशन चौक, पटेल चौक, बाटा चौक, गांधी चौक, चौक बाजार,बड़ी धर्मशाला चौक, एलसी रोड, बादशाह चौक चौक पटेल चौक होते हुए समाहरणालय पहुंची। यहां झामुमो ने भाजपा नेता अमर बाउरी, बाबूलाल मरांडी व निशिकांत दुबे का पुतला दहन किया। वहीं सङ्गा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने कहा कि ङ्गाजपा की डबल इंजन की सरकार जब झारखंड में थी तो उस वक्त बांग्लादेशी घुसपैठियों को क्यों नहीं रोका गया। बांग्लादेशी घुसपैठ न कर सके इसके लिए क्यों नहीं कुछ किया गया। उन्होंने कहा कि बांग्ला देशी घुसपैठ भाजपा सरकार का सिर्फ चुनावी जुमलेबाजी है। जब जब चुनाव का समय झारखंड में आता है तब-तब इन्हें बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा दिखने लगता है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों की जनसंख्या घटने की बात कह रही है। ऐसे मामलों में संवैधानिक तौर पर यहां मौजूद राज्यपाल राष्ट्रपति को रिपोर्ट कर सकते थे। राष्ट्रपति केंद्र सरकार को संज्ञान लेने कहती है। मामला पूरी तरह केंद्र सरकार का है।अगर जनसंख्या घट रहा है तो 11 वर्षों से मोदी जी कान में तेल डाल कर क्यों बैठे हैं। लगता है ये सरकार बाहरी है,अंधी है। ऐसे मामलों में कभी भी संवेदनशील नहीं रही। अगर यहां रोहंगिया व बांग्लादेशी मुसलमान हैं तो पिछले 5 सालों तक डबल इंजन की सरकार ने क्यों कुछ नहीं किया। जब सरकार में रहते हैं तो चुप हो जाते हैं। सरकार से जब जनता बाहर कर देती है तो आपको रोहिंग्या और बंगलादेशी घुसपैठ की याद आती है। भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है। वोट लेने के लिए यहां हिन्दू, मुस्लिम, आदिवासी, गैर आदिवासी को लड़ा कर वोट लेने की साजिश कर रही है। छात्रों को उकसाया जा रहा है। पाकुड़ केकेएम कॉलेज में जा कर उन्होंने देखा। पुलिस ने बर्बरता की है। हेमंत सरकार की गठित जांच कमिटी ने रिपोर्ट समर्पित कर दी है। जिसके आधार पर कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इसमें में दोषियों को सरकार सजा देगी। हेमन्त सोरेन की सरकार संवेदनशील सरकार है।कहा कि जब हेमंत सोरेन का हाईकोर्ट से बेल होता है तो ईडी सुप्रीम कोर्ट जाती है। जहां सुप्रीम कोर्ट हेमंत सोरेन के बेल को सही ठहराती है। 5 महीनों तक हेमंत को जेल में रखा इसका हजार्ना कौन देगा। बाबूलाल मरांडी व निशिकांत दूबे को कान पकड़ पर उठना-बैठना और माफी मांगना चाहिए। 5 महीना किसी निर्दोष व्यक्ति को जेल में रखना संवैधानिक तौर पर गलत है। भाजपा अब बेनकाब हो गई है उसके पास अब कोई जावब नहीं। सभा को जिला सचिव सुरेश टुडू, एमटी राजा,केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम व अन्य में संबोधित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, सुरेंद्र यादव, राजू अंसारी, राजाराम मरांडी, मोजम्मिल हक, मोजिब अंसारी, जेम्स किस्कू, जेठा मरांडी, गुरु हेंब्रम, घिशु शेख, गफूर, तमरुद्दीन, चरण हांसदा, बरकत अली, धर्मवीर महतो, शक्तिनाथ अमन, गफ्फार अंसारी, हमीद अंसारी, गोपाल यादव, नुमान अंसारी, वारिस अनवर, मनीतुल्लाह अंसारी, शहबाज आलम, नसीम अख्तर, रिजवान अंसारी, जाबिर शेख, सिद्दीक शेख, कामरान अहमद, नियाज अहमद, शमशुल हक, मजारुल शेख, वारिस अनवर, सुल्तान अंसारी, आदित्य यादव, सुदर्शन पासवान, सद्दाम अंसारी, प्रदीप साह, मंडल मरांडी, महेश साह,देव सोरेन, जमशेद अंसारी,शमशुल हक, केताबुद्दीन शेख,दिलावर रहमान, स्टीफन मुर्मू, रूपक दत्ता, मुजीबुर रहमान,अरशद अंसारी, स्टीफन मुर्मू,पप्पू अंसारी, इकबाल अली, एजाज अंसारी, संजय गोस्वामी, बारीक शेख सहित सैंकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रायन का बॉक्स ऑफिस पर धमाल, कमाई 50 करोड़ के पार



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने भारतीय बाजार में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुई है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है। फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है। फिल्म रायन, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गई है।

फिल्म रायन ने पहले वीकेंड के दौरान करीब 43 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रायन बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है। धनुष की फिल्म रायन ने पांच दिनों के अंदर ही 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस फिल्म में एक शख्स के बदले की कहानी दिखाई गई है। फिल्म रायन में धनुष के अलावा, प्रकाशराज, संदीप किशन, अपर्णा बालमुरली और दुशारा विजयन जैसे कलाकार भी है। फिल्म रायन में एआर रहमान का म्यूजिक है।




## सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग की रिलीज डेट आयी सामने

**बॉलीवड** अभिनेत्री सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग, 30 अगस्त को रिलीज होगी। सनी लियोनी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कोटेशन गैंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। पहले यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म तीन भाषा हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

सनी लियोनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है, साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने इंटेंस अवतार को दिखाने वाला एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। सनी लियोनी ने लिखा, ह्यमुझे अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।

कोटेशन गैंग में सनी लियोनी के अलावा जैकी श्रॉफ, प्रियामणि, सारा अर्जुन, अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन की भी अहम भूमिका है।

## गोविंदा की वजह से मिली थी सलमान खान को फिल्म 'जुड़वा', 'पार्टनर' को लेकर डेविड धवन का खुलासा

**बॉलीवुड** निर्देशक डेविड धवन और गोविंदा ने 1990 के दशक में अपनी जुगलबंदी से बॉक्स ऑफिस पर खूब तहलका मचाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों ने अभी तक साथ में तकरीबन 17 हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान डेविड ने उन दिनों को याद करते हुए एक मजेदार किस्सा बताया, जिसे सुनकर कोई भी अपनी हंसी रोक नहीं पाएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म पार्टनर के दौरान वह ही अकेले एक ऐसे व्यक्ति थे, जो गोविंदा को संभाल सकते थे। यही नहीं बल्कि उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म 'पॉर्टनर' में पहले सलमान अभिनेता गोविंदा के साथ काम ही नहीं करना चाहते थे।

क्या सलमान को थी गोविंदा से परेशानीः मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेविड धवन ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि सलमान खान पहले फिल्म 'पार्टनर' को लेकर काफी उत्साहित नहीं थे। इसके बाद जब डेविड ने इस फिल्म के निर्माता सोहेल खान से फिल्म को लेकर पूछा कि क्या गोविंदा और सलमान को इस फिल्म में एक साथ लिया जा सकता है, तो उन्होंने कहा कि बहुत बढ़िया। डेविड ने कहा, ''मैं सलमान भाई के पास गया, वे बहुत उत्सुक नहीं थे। आओ यार, चलो करते हैं, यह एक बड़ी बात होगी। सलमान ने मुझे एक दिन बताया, जब हम बैंकॉक में शूटिंग कर रहे थे, तो उन्होंने कहा 'डेविड यार, इसे लड़ना (गोविंदा)...फायदा नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोविंदा ने एक बार इंटरव्यू में कहा, सलमान खान ने उन्हें फोन करके डेविड धवन की जुड़वा छोड़कर यह फिल्म उन्हें देने के लिए कहा था। गोविंदा ने उनकी बात मान ली और सलमान ने इस फिल्म में डबल रोल किया, जो उनके शुरूआती करियर की मील का पत्थर साबित हुई थी। गोविंदा ने बताया, उस समय पर मैं जुड़वा कर रहा था और एक दिन सलमान ने मुझे फोन लगाया रात के 2 या 3 बज रहे होंगे और कहा कि चीची भैया आप कितनी हिट दोगे यार? मैंने बोला क्या हुआ? वो बोलें वो जो पिक्चर आप कर रहे हो, जुड़वा, वो आप बंद कर दीजिए और वो मुझे दे दीजिए।' डायरेक्टर भी आपको मुझे देना पड़ेगा। प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला भी।'' इसके बाद तो आपको पता ही है कि फिल्म 'जुड़वा' सुपर-डुपर हिट हुई थी।

## भारी बारिश में अमिताभ बच्चन ने पत्नी जया के लिए पकड़ा छाता

**बिग बी अ**मिताभ बच्चन कुछ कारणों से सोशल मीडिया पर हमेशा चर्चा में रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनके नए फोटो या वीडियो आए दिन वायरल होते रहते हैं। हालांकि इनमें से कुछ तस्वीरें ऐसी होती हैं जो हर किसी का दिल जीत लेती हैं। फिलहाल एक ऐसी ही वायरल फोटो ने तहलका मचा दिया है। अमिताभ की ये तस्वीर में पत्नी जया बच्चन उनके साथ हैं। अमिताभ बच्चन ने ट्विटर पर एक फोटो शेयर किया है। इसमें बच्चन पत्नी जया के लिए छाता पकडे नजर आ रहे हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक ??कि सेट पर काम में भी।' इस फोटो में जया के हाथ में एक लड्डू का डिब्बा देखा जा सकता है। इस फोटो पर फैंस ने जमकर प्यार बरसाया। अमिताभ के इस एक्शन की फैंस खूब सराहना कर रहे हैं। कुछ नेटिजन्स ने अमिताभ की तारीफ की है। कुछ लोगों ने सवाल किया है कि जया बच्चन हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं। एक यूजर ने लिखा, 'शून्य से लेकर प्रसिद्धि के शिखर तक हर इंसान की यही स्थिति होती है।' अमिताभ और जया की शादी जून 1973 में हुई थी। जब जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट पर आईं तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई खुलासे किए। जया ने कहा था कि अमिताभ उनके सबसे करीबी दोस्त हैं और वह उनसे कभी कुछ नहीं छिपाती हैं।



# भारत- श्रीलंका टी-20 सीरीज टीम इंडिया की श्रीलंका पर जीत

**एजेंसियां/ पल्लीकेलेः** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला श्रीलंका के पल्लीकेले स्टेडियम में खेला गया, जिसे भारत ने सुपर ओवर में जीत लिया। सीरीज के आखिरी मैच ने श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चुना। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 137 रन बनाए। फिर 138 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम को 20 ओवर में 137/8 रन बनाकर मैच टाई करवा दिया और मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। सुपर ओवर में टीम इंडिया ने मैच आसानी से जीत लिया।

## 61 साल की हुई मंदाकिनी, ऐसे मिली थी राम तेरी गंगा मैली फिल्म

**बॉलीवुड** की जानीमानी अभिनेत्री मंदाकिनी 61 वर्ष की हो गई हैं। मंदाकिनी का जन्म 1963 को एंग्लो-इंडियन परिवार में मेरठ में हुआ था। उनके पिता जोसफ बिट्रिश नागरिक थे, जबकि मां मुस्लिम थीं। मंदाकिनी के बचपन का नाम यास्मीन जोसेफ था। मंदाकिनी ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1985 में प्रदर्शित बंगाली फिल्म अंतारेर भालोबाशा से की थी। वर्ष 1985 में ही मंदाकिनी ने फिल्म मेरा साथी से बॉलीवुड में भी कदम रख दिया। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह से नकार दी गई। इसी वर्ष मंदाकिनी की फिल्म राम तेरी गंगा मैली प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में राज कपूर के छोटे बेटे राजीव कपूर लीड रोल में नजर आए थे।



राजकपूर निर्मित-निर्देशित इस फिल्म की सफलता ने मंदाकिनी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए मंदाकिनी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। हालांकि फिल्म के लिए मंदाकिनी नहीं, बल्कि पद्मिनी कोल्हापुरे राज कपूर की पहली पसंद थीं। उन्हें यह फिल्म ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। राम तेरी गंगा मैली के बाद मंदाकिनी ने जाल, लोहा, डांस डांस, जीते हैं शान से, कमांडो, तेजाब और जंगबाज जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया। मंदाकिनी ने वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म जोरदार में अंतिम बार काम किया। इस दौरान मंदाकिनी का नाम अंडरवर्लड डॉन दाउद इब्राहीम के साथ भी जुड़ा। क्रिकेट के मैदान पर उन्हें दाउद के साथ कई बार देखा गया। वर्ष 1990 में मंदाकिनी ने बुद्धिस्ट मोंक डॉ कगयुर टी रिंपोचे ठाकुर के साथ शादी कर ली। मंदाकिनी इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय नहीं हैं।

## पेरिस ओलंपिंकः बारिश के बाद चिलचिलाती गर्मी ओलंपिक में प्रशंसक परेशान, तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा




**पेरिस :** पेरिस ओलंपिक में पिछले सप्ताह उद्घाटन समारोह में भारी बारिश के बाद अब परिस्थितियां पूरी तरह से बदल गई हैं। ओलंपिक में गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए हैं। यहां तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है।

मंगलवार को फ्रांस की मौसम विज्ञान सेवा ने राजधानी में एक बड़े तूफान को लेकर चेतावनी जारी की। जिसमें शाम तूफान के साथ भारी बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना जताई है। हालांकि बारिश की संभावना के साथ ही एथलीटं और और दर्शकों को कुछ राहत मिल सकती है। फिलहाल तो सभी गर्मी के कारण परेशान हैं।

टेनिस मैच के दौरान दर्शकों से ब्रेक लेने की अपील की गईः रोलैंड गैरोस में पुरुष युगल में राफेल नडाल और कार्लोस का मैच चल रहा था। दोनों के खेलते समय स्टेडियम कर्मचारियों ने टेनिस प्रशंसकों से ब्रेक लेने की अपील की थी। साथ ही मैदान के ठंडे क्षेत्रों में जाने के लिए कहा था।

खेलों से पहले पिछले महीने जारी की गई और जलवायु वैज्ञानिकों और एथलीटों ने एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें भीषण गर्मी और उच्च तापमान की चेतावनी दी गई थी। मनु ने ओलंपिक में जीता दूसरा पदकः मनु और सरबजोत ने भारत को दूसरा पदक दिला दिया है। इन दोनों ने आज 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह मनु का इस ओलंपिक में दूसरा पदक रहा। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी कांस्य जीता था। एक से अधिक पदक जीतने वाली चौथी भारतीय बनीं मनुः भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं के व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक जीता था। अब मनु ने मंगलवार को सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में भारत को एक और कांस्य पदक दिलाकर इतिहास रच दिया है। इस तरह मनु उन चुनिंदा भारतीय एथलीटों में शामिल हो गई हैं जिनके नाम एक से अधिक ओलंपिक पदक दर्ज हैं।

## ओलंपिक के टेबल टेनिस प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी मनिका बत्रा



**पेरिसः** भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने ओलंपिक में राउंड ऑफ-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय पैडलर बनने पर खुशी व्यक्त की। एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के बावजूद, मनिका बत्रा ने प्रत्येक मैच को सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ खेलने और इस अनुभव का लुत्फ उठाने पर फोकस किया। विश्व में 28वें स्थान पर काबिज मनिका ने स्थानीय विश्व नंबर 18 पृथिका पावडे को 4-0 (11-9, 11-6, 11-9, 11-7) से हराया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी का अगला मुकाबला हांगकांग चीन की झू चेंगझू या 8वीं सीड जापानी खिलाड़ी मिउ हिरानो से होगा। मनिका ने मैच जीतने के बाद कहा, मेरा ध्यान हर मैच को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ खेलना और ओलंपिक का आनंद लेना है और हां, मैं वास्तव में खुश हूं कि में राउंड ऑफ-16 तक पहुंची



## पेरिस ओलंपिकः बलराज पदक की दौड़ से बाहर

**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मंगलवार को पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल-4 में पांचवें स्थान पर रहे। आज यहां हुये मुकाबले में सेना के जवान पंवार 7:05.10 का समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे इसी के साथ ही वह मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक की दौड़ से बाहर हो गए। हालांकि पंवार सेमीफाइनल सी/डी में बुधवार को रेस लगाएंगे। उनका लक्ष्य ओलंपिक रोइंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करना होगा।

## मानहानि केस में नौ सितंबर को अदालत में पेश होंगी कंगना

**फिल्म** अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुबंई की एक अदालत में पेश होगी। एक अधिवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुश्री रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया।

अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि सुश्री रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रूप से छूट चाहती थी, लेकिन बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उसकी यह मांग खारिज कर दी थी। श्री भारद्वाज ने बताया कि आरोपी सुश्री रनौत का आवेदन खारिज कर दिया गया तो वह विभिन्न तारीखों पर भी अदालत के सामने उपस्थित नहीं हुई और उपस्थिति के लिए छूट देने का आवेदन किया तथा उसके खिलाफ एक मार्च 2021 को जमानती वारंट भी जारी हो चुका है। इससे पहले जब जमानती वारंट जारी हुआ तो सुश्री रनौत अदालत में पेश हुई थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### खनन माफिया ने गश्ती दल पर किया धक्का-मुक्की, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**किशनगंज :** जिले में अवैध खनन एवं भंडारण और परिवहन करने वालों पर खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। किशनगंज प्रखंड के गाछपारा में अवैध खनन करने वालों पर खनन विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए गाछपारा के कमारमुनी बांध के समीप अवैध खनन कर भाग रहे बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चार लोगों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान पीपला चौक के समीप ट्रैक्टर मालिक व पल्सर बाइक जिसका निबंधन सं. डब्लू बी 62 जी 3385 है पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया गया व धक्का मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गयी। हालांकि पुलिस गश्ती दल की सूझ बूझ से तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ में पता चला कि शाकिर हक, हाकिम हक, गणेश मुर्मू व मन्नारुल हक गाछपाड़ा द्वारा बालू का खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। उक्त ट्रैक्टर को थाना ले जाने के क्रम में पीपला चौंक के समीप ट्रैक्टर मालिक एवं पल्सर बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया जाने लगा। धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गई। वर्तमान समय में सभी प्रकार का खनन प्रतिबंधित है। खनन विभाग के पदाधिकारियों ने सदर थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराई।

### करंट लगने से मां-बेटे की मौत

**बदायूं :** उसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले एक मां-बेटे मंगलवार देर रात टूटे पड़े हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार सुबह घर के लोगों ने देखा तब घटना की जानकारी हुई। मां बेटे की मौत से बिजली विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। फिलहाल पुलिस ने शवों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मां बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव के लोगों का कहना है कि हाईटेंशन बिजली के तार बहुत ज्यादा नीचे और जर्जर अवस्था में थे। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन तार नहीं बदले गए आखिर तार टूट गए जिसकी वजह से मां बेटे की मौत हो गई। उसावां वार्ड तीन के रहने वाले आसाराम ने कुछ दिन पहले ही इलाके में अपना नया घर बनाया था। नए घर के आसपास उन्होंने तार से घेरा भी बना रखा था, ताकि जानवर उनके घर में ना घुसे। आसाराम की पत्नी राजेन्द्री मंगलवार रात में करीब 2:00 बजे के आसपास टॉयलेट करने के लिए उठी तो वह वहां टूटे पड़े हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गई। बिजली का करंट लगता ही राजेन्द्री की चीख निकल गई। जिस पर राजेन्द्री का बेटा उमेश अपनी मां को बचाने पहुंचा, तो वह भी बिजली के करंट की चपेट में आ गया और उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। आज सुबह जब परिवारीजन उठे तो राजेन्द्री और बेटे उमेश को मृत देख उनके होश उड़ गए। परिवार में कोहराम मच गया। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया है। मामले में उसावां थानाध्यक्ष मन बहादुर सिंह का कहना है कि मां-बेटे की करंट लगने से मौत हुई है। दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। परिजन जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक हजार करोड़ की जमीन मामले में आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश

**कानपुर :** एक हजार करोड़ से अधिक की जमीन पर अवैध कब्जे मामले को लेकर कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपितों की तलाश में कोतवाली पुलिस समेत कई थानों की पुलिस टीम के साथ कई संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। हालांकि इस दौरान कोई खास सफलता हाथ नहीं लग सकी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर नगर कोतवाली में गत दिनों एक हजार करोड़ से अधिक की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर दर्ज हुए मुकदमे के आरोपितों की तलाश लगातार जारी है। नामजद आरोपितों कुछ पत्रकारों का भी नाम है। मंगलवार की रात कोयला नगर निवासी सोनू पांडेय उर्फ विवेक पांडेय, बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के चालीस दुकान निवासी राहुल बाजपेई और सोनू के बहनोई रज्जन तिवारी निवासी परेड थाना मूलगंज के घर छुपे होने की सूचना मिली। इस सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त बाबू पुरवा अमरनाथ यादव, सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में दो टीमें गठित करके संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मूलगंज, प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज, प्रभारी निरीक्षक ग्वालटोली, प्रभारी निरीक्षक फजलगंज, प्रभारी निरीक्षक जूही, प्रभारी निरीक्षक काकादेव, प्रभारी निरीक्षक चकेरी, प्रभारी निरीक्षक बाबूपुरवा, प्रभारी निरीक्षक किदवई नगर, थाना प्रभारी गुजैनी तथा थाना कोतवाली का पुलिस बल मौजूद रहा है। अन्य अभियुक्तों की तलाश में जनपद से बाहर भी टीम भेजी गई हैं।

### नदी किनारे बसे गांव में आया मगरमच्छ वन विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा

**झांसी :** रक्सा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटखेरा में बुधवार की सुबह नदी पार मोहल्ले में शौच के लिए गए बच्चों को नदी किनारे एक मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ की लंबाई करीब चार फिट थी। घबराकर मगरमच्छ की जानकारी बच्चों ने गांव के लोगों को दी। इस जानकारी के मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर उसे पकड़ते हुए बेतवा नदी में छोड़ दिया। ग्राम कोटखेरा मोहल्ले के प्रदीप अहिरवार ने बताया कि उसका लड़का सत्यम शौच करने के लिए आज सुबह नदी किनारे गया था, तो उसे वहां एक मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ उसकी ओर झपटा लेकिन उसे देख वह डर गया और भाग के घर आकर उसने इसकी जानकारी घरवालों को दी। मगरमच्छ की जानकारी पर बड़ी संख्या में मोहल्ले वाले नदी किनारे पहुंचे और नदी के एक किनारे पर बैठे मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ लिया। इसकी सूचना उन्होंने 112 के साथ ही वन विभाग की टीम को दी। वन विभाग की टीम के कर्मचारी प्रदुम्न भदौरिया, वन कर्मचारी ज्ञान सिंह व पुष्पेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ को ले जाकर बेतवा नदी में छोड़ा। वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पास में निकली राजघाट नहर से यह मगरमच्छ का बच्चा आ सकता है। वही मगरमच्छ निकलने के बाद ये क्षेत्र में दहशत का माहौल है और मगरमच्छ के किस्से क्षेत्र में हर बच्चे को सुनाए जा रहे हैं।

### मानसून सत्र : यूपी विधानसभा सदन की कार्यवाही शुरू, विपक्ष ने बिजली व्यवस्था पर उठाया सवाल

**लखनऊः** यूपी विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सपा के सदस्य त्रिभुवन दत्त ने आवास विभाग से जुड़ा सवाल उठाया। मुख्यमंत्री योगी, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मौजूद हैं। सरकार की तरफ से मंत्री धर्मपाल सिंह ने जवाब दिया। प्रश्नकाल के दौरान दूसरा सवाल सपा के सदस्य अनिल प्रधान का बिजली पर रहा। बिजली की आवाजाही और समय पर ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से जुड़ा रहा। इस सरकार की तरफ से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि दूसरा कल 29680 मेगावॉट बिजली की मांग थी। इस समय कोयला भीगा हुआ आता है। आंधी, पानी जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी हमने राज्य में सबसे ज्यादा बिजली दिया है।

## कोचिंग सेंटरों के लिए दिल्ली सरकार ला रही नया कानून

# छात्र भी दे सकेंगे सुझाव, ईमेल जारी

### राजेंद्र नगर हादसा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद दिल्ली सरकार कोचिंग सेंटरों को नियमित करने के लिए नया कानून लेकर आ रही है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसकी घोषणा कर दी है। आतिशी ने बताया कि जैसे प्राइवेट स्कूल को एक कानून के तहत रेगुलेट किया जाता है, प्राइवेट अस्पतालों को कानून के तहत रेगुलेट किया जाता है वैसे ही कोचिंग इंस्टिट्यूट को रेगुलेट करने के लिए दिल्ली सरकार कानून लाएगी।

**सरकार के एक्शन पर आतिशी और दिल्ली मेयर की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

दिल्ली मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा कि दो महत्वपूर्ण चीजे सामने आई हैं, पहला है कि जो नाले उस क्षेत्र में जलभराव के लिए जिम्मेदार थे। उस पर वहां के सारे कोचिंग सेंटर ने अतिक्रमण किया हुआ था। जिसकी वजह से नाले से पानी नहीं निकल पा रहा था।

वहीं दूसरा ये है कि बेसमेंट में क्लास और लाइब्रेरी चल रही थी वो सौ फीसदी गैर कानूनी था। बेसमेंट का प्रयोग पार्किंग और स्टोरेज के लिए किया जा सकता था। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर एमसीडी ने कार्रवाई शुरू की। जो जेई जिम्मेदार था उसे एमसीडी से बर्खास्त कर दिया है। एई को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया है। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहती हूं कि जैसे ही पूरी जांच रिपोर्ट सामने आएगी और इन अधिकारियों के अलावा भी कोई भी अधिकारी शामिल हुआ। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



#### इस काम पर लगेगी रोक

आगे कहा कि सभी तरह के कोचिंग इंस्टीट्यूट इसके दायरे में आएंगे। इस कानून के जरिए इंफ्रास्ट्रक्चर, टीचर्स क्वालिफि केशन, फीस रेगुलेशन, मिसलीडिंग विज्ञापन से रोका जाएगा। कोचिंग संस्थानों का रेगुलर इंस्पेक्शन भी किया जाएगा।

#### यहां भेज सकते हैं सुझाव

इसके लिए हम एक कमेटी बनायेंगे। जिसमें अधिकारियों के अलावा कोचिंग संस्थानों के स्टूडेंट्स को भी शामिल किया जाएगा। इस कानून के लिए फीडबैक लेने के लिए एक मेल आईडी बनाया है। जिसपर अपना फीडबैक दिया जा सकता है।

### दिल्ली की घटना से सीखते हुए लखनऊ में एक्शन

## बेसमेंट में चल रहे 20 कोचिंग सेंटर सील, एलडीए ने चलाया अभियान

**लखनऊ :** नई दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना की आंच राजधानी पहुंच गई है। एलडीए ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अवैध बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया। 107 प्रतिष्ठानों की जांच कर इनमें से अवैध बेसमेंट में चल रहे 20 कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी को सील किया गया। एलडीए बुधवार और बृहस्पतिवार को भी जांच करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने शहरभर में अभियान चलाया। इस दौरान बेसमेंट में चल रहे प्रतिष्ठानों के मालिकों/संचालकों से मानचित्र व निर्माण आदेश से संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया। फिर मानक के विपरीत बेसमेंट के निर्माण व इनमें कोचिंग संचालन की जांच का जिम्मा जोन-1 में सचिव विवेक श्रीवास्तव को, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन-2 व 3 में, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन-4 व जोन-5 व मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन-6 व जोन-7 में सौंपा गया है।

**अलीगंज में सात लाइब्रेरी पर कार्रवाई:** प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने अलीगंज में सात प्रतिष्ठानों को सील किया। इनमें स्कालर हब लाइब्रेरी, साइलेंस जोन लाइब्रेरी, प्रयास लाइब्रेरी, लक्ष्य लाइब्रेरी, स्टार लाइब्रेरी, द स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी एवं विजन आईएएस लाइब्रेरी शामिल थी। ये सभी प्रतिष्ठान मानक के विपरीत बने बेसमेंट में चल रहे थे। प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमतीनगर के विराज खंड स्थित एलेन कोचिंग सेंटर व विभव खण्ड में एजुकेयर इंस्टीट्यूट को सील किया।

### झुग्गी झोपड़ी में आग लगने से तीन बच्चियों की जलकर मौत

**गौतमबुद्ध नगर :** जनपद के सेक्टर-8 में एक झुग्गी बस्ती में बुधवार की तड़के आग लगने से तीन मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि माता-पिता गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायल पिता को जिला अस्पताल से सफदरगंज अस्पताल दिल्ली के लिए रेफर किया गया है। जबकि मां का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर फेस वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-8 के झुग्गी झोपड़ी में दौलतराम अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहता है।बीती रात पूरा परिवार बस्ती में झुग्गी झोपड़ी में सो रहा था। इस बीच बुधवार की तड़के 3-4 बजे के बीच अचानक आग की लपटें उठने लगी। झोपड़ी में आग लगने से सोता हुआ परिवार लपटों के बीच फंस गया। स्थानीय लोग जब तक कोई आग में फंसे लोगों की मद्द कर पाते तब तक आग की चपेट में आकर तीन बच्चियां व माता-पिता गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बागमती नदी उफान पर

### काठमांडू के कई इलाके जलमग्न





**काठमांडू :** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से बागमती नदी उफान पर है। इस वजह से त्रिपुरेश्वर, कालीमाटी, टेकु इलाके के अलावा बागमती कॉरिडोर के किनारे की बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। जल एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बागमती और उसकी सहायक नदियां हनुमंते, मनोहरा, धोबीखोला, बिष्णुमती, नख्खू, बल्खु का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। विभाग ने अनुरोध किया है कि बागमती कॉरिडोर के अलावा अन्य नदियों के आसपास न जाएं। उधर, धोबीखोला, बल्खु खोला, कागेश्वरी मनोहरा इलाके की गलियारे वाली सड़कों पर अब भी काफी पानी जमा है। नदी किनारे बने कॉरिडोर के जलमग्न होने के कारण यातायात प्रभावित है। इन सड़कों पर यातायात को फिलहाल पूरी तरह से रोक दिया गया है। काठमांडू में बाढ़ के कारण सत्तारूढ दल यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय सहित शंखमूल पार्क, कालीमाटी सब्जी बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थान भी जलमग्न हो गए हैं। भक्तपुर में मनोहरा नदी ने भी रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। महादेव नदी की बाढ़ से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं। भक्तपुर के पुलिस इंस्पेक्टर टेकेंद्र पौडेल ने कहा कि सूर्यबिनायक और मध्यपुर थिमी नगरपालिका में नदी में फंसे 33 लोगों को बचाया लिया गया है।

## डायमंड हार्बर में ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ यात्रियों का प्रदर्शन, सेवाएं बाधित

एजेंसी

**कोलकाता :** लोकल ट्रेनों की लेट लतीफी के विरोध में बुधवार की सुबह से ही डायमंड हार्बर स्टेशन पर यात्रियों ने प्रदर्शन किया, जिसके कारण डायमंड हार्बर-सियालदह शाखा की ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। यात्रियों का कहना है कि ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं, जिससे कार्यालय या गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही है। स्टेशन अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।

कुछ दिनों पहले ही हावड़ा के टिकियापाड़ा स्टेशन पर भी यात्रियों ने इसी मांग को लेकर रेलवे अवरोध किया था। अब यह विरोध सियालदह के दक्षिणी शाखा के डायमंड हार्बर स्टेशन पर पहुंच गया है। डायमंड हार्बर से हर सुबह बारुईपुर जाने वाली सोम मंडल का कहना है कि वह कभी समय पर अपने काम पर नहीं पहुंच पातीं। सोम के अनुसार, ₹हम ट्रेन के समय को देखकर स्टेशन आते हैं, लेकिन या तो ट्रेन स्टेशन पर नहीं होती या फिर देर से छूटती है। पिछले दो-तीन महीनों से यात्री इस समस्या से जूझ रहे हैं। एक निजी कंपनी के कर्मचारी का कहना है, 'रेलवे हमारी बात नहीं सुन रहा है। हम बार-बार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन रोज वही समस्या होती है।

बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे से ही यात्रियों ने डायमंड हार्बर स्टेशन पर अवरोध कर दिया। उनकी मांग है कि रेलवे अधिकारी आकर समय पर ट्रेन चलाने का आश्वासन दें, तभी अवरोध खत्म होगा। वहीं, रेलवे पुलिस अवरोध हटाने की अपील कर रही है। लेकिन प्रदर्शनकारी मांग पूरी न होने तक अवरोध हटाने को तैयार नहीं हैं। इस विरोध के कारण सुबह से ही उस लाइन पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं।

सियालदह के दक्षिणी शाखा पर लोकल ट्रेन सेवाओं को लेकर यात्रियों में लंबे समय से असंतोष था। बुधवार को यह असंतोष प्रकट हो गया। यात्रियों का कहना है कि रोजाना कोई न कोई समस्या होती है। ट्रेनें अक्सर निर्धारित समय से काफी देर से आती हैं। कभी-कभी तो ट्रेनें घंटों देरी से चलती हैं, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी ऑफिस जाने वालों को होती है।





## नदी में बहता मिला प्रेमी युगल का शव कपड़े से बंधे थे हाथ, आत्महत्या की आशंका

एजेंसी

**चित्तौड़गढ़:** शहर के कोतवाली थाना इलाके में नदियों के संगम के यहां युगल के शव तैरते मिलने से हड़कंप मच गया। भोईखेड़ा सहित शहर के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। युगल का एक-एक हाथ पकड़े से साथ बंधा हुआ था। ऐसे में इनके प्रेमी युगल होने और प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कर की है जबकि युवती की शिनाख्तगी के प्रयास कियेभा रहे हैं। पुलिस ने दोनों के शव जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए हैं। परिजनों की रिपोर्ट पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ शहर से होकर बह रही गंभीरी व बेडच नदी का संगम शहर के निकट भोईखेड़ा में हैं। यहां एक मंदिर होकर नदियों के संगम पर सीढ़ियां बनी हुई है। बुधवार सुबह लोगों ने नदी के पानी में एक युवक और युवती का शव तैरते देखा। इसकी सूचना पर कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। भोईखेड़ा वार्ड के पार्षद बालूकिशन भोई ने कोतवाली थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने मौका देखा तो सामने आया कि नदी में एक युवक और युवती के शव तैर रहे थे। दोनों ही औंधे मुंह थे और एक-एक हाथ पकड़े से बंधा हुआ था। इससे पुलिस को समझते देर नहीं लगी कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। नदी के किनारे ही कुछ दूरी पर एक बाइक भी खड़ी थी जो युवक की बताई गई। पुलिस ने शहर व आस पास के क्षेत्रों में इसकी शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए। पुलिस उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ तेज कुमार पाठक, कोतवाली सीआई संजीव स्वामी भी मौके पर एकत्रित हो गए। सोशल मीडिया पर गई सूचना के आधार पर युवक की शिनाख्त शहर के प्रतापनगर निवासी उदित (19) पुत्र कमलेश के रूप में हुई। वहीं युवती भी चित्तौड़गढ़ शहर के सेन्थी में रहने वाली बताई है। सूचना पर युवक के बड़े पिता महेश मौके पर पहुंचे। इन्होंने युवक के शव की शिनाख्त की। यह युवक मंगलवार दोपहर में बाइक लेकर निकला था। इसके बाद उसका कहीं पता नहीं चल पाया। परिजन भी उसकी तलाश में जुटे हुवे थे। इधर, पुलिस ने दोनों के शव नदी से निकलवा कर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए हैं।



### दामाद ने की ससुराल में पत्नी सहित पांच लोगों के हत्या की कोशिश

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदकुमार इलाके में मंगलवार अपराह्न ससुराल पहुंचकर एक दामाद ने अपनी पत्नी और सास सहित 6 लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की कोशिश की। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपित दामाद को पेड़ से बांधकर जम कर पिटाई कर डाली। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, आरोपित का नाम शेख बापन है। वह पूर्व मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर का निवासी है। वर्ष 2007 में नंदकुमार की कुमोरारा आसमा के साथ उसकी शादी हुई थी। दंपति के तीन बेटे और एक बेटी है। लेकिन आरोप है कि बापन काफी समय से अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। इससे तंग आकर कुछ महीना पहले आसमा अपने पिता के घर चली आई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मंगलवार अपराह्न बापन अपने ससुराल में नशे में धुत होकर आया और उपद्रव करने लगा तो उसकी पत्नी ने विरोध किया।

### अमरगढ़ किले से जगमोहन भगवान की नीलम मूर्ति चोरी, विरोध में बाजार बंद



एजेंसी

**भीलवाड़ा :** राजस्थान के शाहपुरा के ऐतिहासिक अमरगढ़ किले से जगमोहन भगवान की नीलम मूर्ति रात को चोरी हो गई है। यह मूर्ति तीन फीट ऊंची है। साथ ही चोरों ने आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोर मूर्ति उखाड़कर ले गए हैं। इस कारण मूर्ति के दोनो पंजे वहीं रह गए हैं। इस मूर्ति के पास सामान्य पत्थर के राधाकिशन भगवान की मूर्ति सुरक्षित है।

इसकी सूचना आज सुबह ग्रामीणों को मिली। इसके बाद उन्होंने आक्रोशित होकर अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और विरोध प्रदर्शन किया। यहां पहले भी एक मूर्ति चोरी हुई थी जिसे पुलिस ने बरामद किया जो अभी तक कोर्ट में ही रखी है। ग्रामीणों का कहना है कि जगमोहन भगवान की यह प्रतिमा बेशकीमती है। किले में स्वामित्व वर्तमान में राव रूपेंद्र सिंह कानावत का है। उनके द्वारा पुलिस को आज रिपोर्ट भी दी गई है।मन्दिर के पुजारी राजेंद्र सिंह ने भी पुलिस को रिपोर्ट दी है। सूचना मिलते ही जहाजपुर के पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह मेघवंशी और शक्करगढ़ थानाधिकारी हेमराज मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की जानकारी ली और एफएसएल व डॉग स्क्वाड टीम के पहुंचने का इंतजार किया। शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट ने कहा है कि चोरों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया जा रहा है।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एक दिन पहले मंगलवार की तेजी के बाद घरेलू सरार्फा बाजार में आज बुधवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। सोना आज 200 रुपये से 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में 700 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 69,640 रुपये से लेकर 68,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सरार्फा बाजारों में 63,840 रुपये से लेकर 63,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी का आज 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 69,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 63,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 68,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 69,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 63,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 68,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 69,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 63,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 69,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 68,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 63,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मानसिक संतुलन खो बैठे हैं विधायक:नरेंद्र बाड़ाईक



**कोलेबिरा:** विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के 50 साल उम्र के लोग निकम्मा और 21 से 49 साल उम्र के बहु-बेटियों को गाय बैल चराने के लिए प्रति माह 1000 रुपए के व्यान पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाड़ाईक ने तीखा प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोलेबिरा विधायक का इस तरह का व्यान सभी समाज के लोगों के लिए अपमान जनक है। जिस तरह वह पांच साल में निकम्मा साबित हो गए हैं वैसे ही सबको निकम्मा साबित करने पर तुले हुए हैं तथा समाज के बहु-बेटियों को गाय बैल चराने का निर्देश दे रहे हैं। विधायक जी को क्षेत्र के विकास से कोई मतलब नहीं है इसका ताजा उदाहरण जिला में बनने के लिए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज कहीं अन्यत्र बनने के लिए मजबूर हुए तथा भारतमाला परियोजना को भी विरोध कर रहे हैं वहीं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुटुंगिया में स्कूल के बच्चे पेड़ के छांव में पढ़ने के लिए मजबूर हैं। विधायक जी को अब विधायकी से सेवानिवृत्त होकर कोई अच्छे मनोचिकित्सक से इलाज कराना चाहिए ताकि क्षेत्र के विकास में बाधा उत्पन्न न हो।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उपायुक्त ने खिजरी पहाड़ पर किया पौधरोपण



**सिमडेगा:** केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए अभियान # एक पेड़ मां के नाम # को शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत हिल्विव्यू पब्लिक स्कूल के तरुमित्र क्लब की ओर से खिजरी पहाड़ पर सिमडेगा जिला उपायुक्त अजय कुमार सिंह द्वारा सफलता पूर्वक पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा जिला उपायुक्त अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, अंचल अधिकारी मो. इम्तियाज अहमद सहित अन्य वरिष्ठ मुख्य अतिथि गणों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में खिजरी और तारापुर के स्थानीय लोग, सिमडेगा जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी जन तथा विद्यार्थियों के माता -पिता भी उपस्थित थे। वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से खिजरी पहाड़ में हिलव्यू परिवार एवं आसपास के लोगो द्वारा करीब 40 आयुर्वेदिक पौधौं का रोपण किया गया।

## अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत, सड़क जाम



**जामा:** थाना क्षेत्र के हरिपुर सोनायरा ठाढ़ी मार्ग पर रामपुर गांव के पास मंगलवार को अनियंत्रित हाइवा के चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तबतक आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप कुमार यादव बाइक से हरिपुर हटिया से लौटकर घर केंदुआटांड़ गांव जा रहा था। रामपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आती हाइवा के चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पुलिस एवं जन प्रतिनिधियों के काफी समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम परिजनों द्वारा 3 घंटे बाद हटाया गया। इसके उपरांत पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले आयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## महाधरना के माध्यम से पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने लिया एकजुटता का संकल्प



**दुमका:** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के बैनर तले केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल के अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आये सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। महाधरना को संबोधित करने वालों में संघर्ष मोर्चा के संरक्षक दिवाकर महतो, केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव, वरीय नेता राधेश्याम वर्मा, जयकांत कुमार, महासचिव दयामय माजी, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्वे, बिहारी यादव मधु अली कोषाध्यक्ष अजीत मांझी उपाध्यक्ष इंद्राकांत यादव, प्रेम केशरी, जामा प्रखंड अध्यक्ष गौतम दर्वे, जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष प्रमुख मरीक, कोषाध्यक्ष अजय कुमार मंडल, संजीव कुमार बमबम, लक्ष्मी नारायण साह, गणेश यादव, अमित कुमार मधुकर, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष नवनीत शेखर, सुशील राय, प्रेम यादव, अर्जुन पंडित, महादेव यादव, लक्ष्मी नारायण राउत, तारिणी महतो, अनंत लाल खिरहर, सुबल चंद्र महतो, प्रमोद पंडित, आनंदी राउत, राजेश रंजन यादव, राजेंद्र महतो, जमुना यादव, सूरज जायसवाल, जयदेव गोराई, अमूल्य पंजियारा, विनोद यादव, देवघर के घनश्याम यादव, अर्जुन शर्मा, बलराम यादव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मंच संचालन महासचिव रंजीत जायसवाल ने किया।

### रेल मंत्री से मिले चंद्र प्रकाश चौधरी

# नयी ट्रेन देने और सुविधाएं बढ़ाने का अनुरोध

## ट्रेन का स्टॉपएज बढ़ाने की मांग



**नई दिल्ली/गिरिडीह :** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर अपने संसदीय क्षेत्र, राज्य के कई इलाकों में रेल संबंधी समस्याओं का समाधान, रेल यात्रियों की सुविधा, विभिन्न स्टेशनों के समीप रहने वाले लोगों लोगों को आवागमन में हो रही कठिनाइयां व विभिन्न ट्रेनों का ठहराव अलग-अलग स्टेशनों पर करने की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने रेल मंत्री से वंदे भारत एक्सप्रेस रांची- वाराणसी का ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर करने की मांग करते हुए कहा कि जैन समुदाय का विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पारसनाथ है। इस लिहाज से ट्रेन का ठहराव किया जाना आवश्यक है। ऐसा होने पर इसका लाभ स्थानीय स्तर पर भी लोगों को प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने रेल मंत्री से कोलकाता से पटना वाया न्यू गिरिडीह, कोडरमा एक नई ट्रेन शुरू करने की भी अपेक्षा जताई। साथ ही उन्होंने रेल मंत्री से रांची- न्यू गिरिडीह -रांची ट्रेन का ठहराव सलैया स्टेशन पर करने, गोमो- आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पारसनाथ से आसनसोल तक करने, रांची- हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन, टाटा- गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन, दरभंगा- सिकंदराबाद एक्सप्रेस व धनबाद भुवनेश्वर गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर करने, मालदा- सूरत एक्सप्रेस का ठहराव सूरत स्टेशन पर करने, सारे जहां से अच्छा एक्सप्रेस ट्रेन, बरवाडीह चोपन पैसेंजर ट्रेन स्पेशल बोगी को जोड़ते हुए ट्रेन व कोलकाता- मदार (अजमेर) एक्सप्रेस का ठहराव गोमिया स्टेशन पर करने, किता रेलवे स्टेशन को शहीद रघुनाथ महतो स्टेशन के नाम पर करने, पूर्वा एक्सप्रेस, जोधपुर- हावड़ा एक्सप्रेस, लाल कुआं एक्सप्रेस अजमेर सियालदह एक्सप्रेस ट्राई नोन का ठहराव गोमोह स्टेशन पर करने, राउरकेला से गया सीधी ट्रेन चलाने, बीजी 30 रेल गेट बंद होने से लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यहां पर फैब्रिकेटेड ब्रिज का निर्माण कराने, हल्दिया- आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस, संतरागच्छी आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव खानुडीह स्टेशन पर पुनः करने, स्वीकृत खानुडीह स्टेशन के पूर्वा केबिन वीजी 27 के आरओवी का निर्माण प्रारंभ करने, बरकाकाना- पटना कोच को पूर्व की तरह हटिया- पटना एक्सप्रेस में जोड़ने के साथ एक थ्री टियर वातानुकूलित कोच को भी जोड़ने, बरकाकाना मुरी लाइन कोठार के पोल संख्या 403/5 के समीप आर ओबी या एफओबी का निर्माण कराने, भोपाल एक्सप्रेस व मदार एक्सप्रेस का ठहराव बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की। रेल मंत्री ने गिरिडीह सांसद की बातों व मांगो को ध्यान पूर्वक सुनने व जानने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि जो भी बातें हमारे संज्ञान में आई है, उस पर सकारात्मक व समुचित कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

## न्यू चांदमारी कॉलोनी में बाबा भोलेनाथ मंदिर के संस्थापक बिनोद जायसवाल अपने ग्रुप और सहयोगी के साथ देवघर हुए रवाना

मेट्रो रेस



**चाईबासा:** सावन माह की दूसरी सामवारी के बाद न्यू चांदमारी कॉलोनी निवासी एवं इस क्षेत्र में भोलेनाथ मंदिर निर्माण कराने वाले बिनोद कुमार जायसवाल दूसरी सोमवारी को मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ श्री जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ प्रख्यात बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। सर्वप्रथम नवनिर्मित भोलेशंकर के मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात संतोषी मंदिर में भी सबों के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद न्यू बस स्टेण्ड के बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना की गयी और भोले बाबा की भी पूजा अर्चना करने के पश्चात देवघर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने बताया कि वे अपने समूह के साथ विगत निरंतर कई वर्षों से बाबा नगरी देवघर जाते हैं और बाबा की असीम कृपा से जल उठाकर जल चढ़ाने तक काफी आनन्द की अनुभूति होती है। विभिन्न स्थलों से आने वाले लोगों से भेंट और मुलाकात काफी ऊर्जा प्रदान करता है और कांवरियों की टोली के साथ सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर बाबा नगरी बाबा के दरबार में पहुंचकर जल चढ़ाने के बाद असीम सुख की अनुभूति होती है जो काफी अलौकिक है।

## वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**मांडर:** थाना क्षेत्र के अलग - अलग गांव में मंगलवार की दोपहर हुए वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई। वही पांच लोग झुलस कर घायल हो गए। सभी को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घयलों का इलाज चल रहा है। वहीं बसकी गांव निवासी नीरज उरांव 36 वर्ष, कैम्बो गांव निवासी सलमून एक्का पिता स्वः संजय एक्का 22 वर्ष एव रातू तिलता के रहने वाले राजेश उरांव 20 वर्ष की बज्रपात से मौत हो गई। वही कैम्बो के अभिनाश लोहरा पिता निलमोहन लोहरा 16वर्ष, लक्षण उरांव पिता बिरसा उरांव 22 वर्ष, धनिया उराईन पति मुखिया उरांव 45 वर्ष एवं रोशनी तिग्गा पिता हरबू उरांव गंभीर रूप से घायल है। दूसरी ओर मुड़मा मसमनो गांव में भी हुई बज्रपात से किशुन गोप नामक 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। बताया जाता है मंगलवार लगभग 4 बजे सभी लोग खेत मे रोपा रोपने गए हुए थे। इसी बीच जोरदार बारिश के साथ बज्रपात हो गया। बताया जाता है कि रातू तिलता निवासी राजेश उरांव का ससुराल कैम्बो गांव के बिरसा उरांव के घर है वह तिलता से रोपा रोपने ससुराल आया हुआ था। लेकिन उसकी वज्रपात से मौत हो गई। इस बड़ी घटना के बाद कैम्बो एवं बसकी में मातम छाया हुआ है । पुलिस मृतकों के शव को पोस्टमार्टम केलिए रिम्स भेज दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**मांडर:** थाना क्षेत्र के टांगरबसली रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे एक माल गाड़ी की चपेट में आने से बजरा गांव निवासी सिकन्दर खान की 26 वर्षीय पुत्री रूबी खतून की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुची मांडर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। खबर मिलते ही ूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत टांगरबस्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे । अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने रेलवे की इस लापरवाही के लिए तत्कालिन उच्च अधिकारी से घटना की निंदा की। आगे इन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का कार्य जल्द पूरा हो ताकि भविष्य में इस तरह का घटना से बचा जा सके। ज्ञात हो की टांगरबस्ली रेलवे स्टेशन में ओवरब्रिज का कार्य विगत कुछ वर्षों से अधूरा पड़ा हुवा है। जिससे आए दिन इस तरह के दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। मौके पर टांगरबस्ली, चाचकोपी, सकरा और बाजरा के ग्रामीण मौजूद थे।

## शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे टाटा कालेज चाईबासा के विद्यार्थी



**चाईबासा:** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत टाटा कॉलेज के भूगोल विभाग के 40 छात्र-छात्राओं का दल पांच दिवसीय शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए दार्जलिंग, का भ्रमण कर सोमवार को चाईबासा लौट आया। यह शैक्षणिक भ्रमण काफी रोमांचक और ज्ञानवर्धक रहा इससे विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार के साथ मनोरंजन भी किया । शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विभाग के शिक्षक राजेंद्र ठाकुर का अहम योगदान रहा उन्होंने कहा की छात्र - छात्राओं को इस भ्रमण से काफी अनुभव प्राप्त हुआ। पूरे भ्रमण का व्यवस्था हेरिटेज इण्डिया के निदेशक मनोज सिंह के निर्देशन में सम्पन हुआ।

## सड़क हादसे में दो घायल

**मांडर :** बाजारटांड़ के निकट मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सुरसा गांव निवासी जहीर अब्बास (26) व सरताज अंसारी घायल हो गये।दोनों सगे भाई हैं। जहीर को गंभीर चोट आयी है। उसे मांडर में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब छह बजे की है। दोनों बीजुपाड़ा से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कुत्ते को बचाने के क्रम में सड़क पर गिर कर घायल हो गये।

## जिला पंचायत राज एवं जिला परिषद की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा:** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत राज एवं जिला परिषद की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त महोदय ने जिला पंचायत शाखा अंतर्गत डिजिटल पंचायत से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान पंचायत सचिव के पदस्थापन, पंचायत स्तरीय कर्मियों के बायोमैट्रिक की उपस्थिति, पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण निर्गत करने, पंचायत स्तर पर झारसेवा अन्तर्गत दी जाने वाली सेवाओं, पंचायत भवन से मनरेगा संबंधी कार्यों का निष्पादन, पंचायत स्तरीय कर्मियों का रोस्टर अनुपालन, 15 वें आयोग अंतर्गत व्यय, पंचायत भवन में मूलभूत सुविधा एवं अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण निर्गत कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। जिला परिषद् की समीक्षा कर उपायुक्त महोदय ने कोलेबिरा बस स्टैंड, बांसजोर बस स्टैंड एवं डाक बंगला ससमय बंदोबस्ती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

### विस मॉनसून सत्र

## विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने की जिले के सभी विद्यालयों की स्थिति सुधारने की मांग



**कोलेबिरा:** विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने जिले के सभी विद्यालयो के जर्जर भवन तथा वैसे विद्यालय जिनका अपना भवन नही होने के कारण पेड़ की छाव में पठन पाठन का कार्य संचालित हो रहा है,वैसे बिद्यालयो की व्यस्था दूरुस्त करने की मांग बिधानसभा के मॉनसून सत्र में सरकार से की।

अपने प्रश्न के माध्यम से विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने सरकार से उदाहरण स्वरूप ये सवाल पूछा कि जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत के लोमगा टोली में जो राजकीयकृत विद्यालय संचालित है,वो विद्यालय भवन विहीन है और वहाँ पढ़ने वाले छात्रों को पेड़ के नीचे पठन पाठन का कार्य करना पड़ता है।मौसम खराब होने की स्थिति में किसी दुर्घटना की आशंका से इनकार नही किया जा सकता है। इस सवाल का जबाव देते हुए सरकार ने कहा कि जिस विद्यालय की बात पूछी गई है, उस विद्यालय का अपना जमीन नही रहने के कारण विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य नही हो सका है। सरकार ने संबंधित पदाधिकारी को विद्यालय के लिए भूमि की व्यस्था करते हुए अविलंब भवन का निर्माण कराने का आदेश जारी किया है विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने इस मुद्दे पर बताया कि जिले के सभी पंचायतों में जितने भी बिद्यालय हैं, उनकी संख्या करीब 964 हैं। इन विद्यालयों में जितने विद्यालय जर्जर अवस्था में है और उनमे पठन पाठन का कार्य किया जा रहा है। वैसे विद्यालय को अविलंब ठीक करें। तथा वैसे संचालित विद्यालय जिनका अपना भवन नही है उन विद्यालयो के भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराकर भवन का निर्माण करते हुए सुचारू रूप से पठन पाठन का कार्य हो। चूँकि शिक्षा समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए बहुत ही जरूरी है। शिक्षा से सर्वांगीण विकास होता है। एक शिक्षित व्यक्ति ही एक स्वच्छ परिवार का निर्माण कर पाता है और परिवार शिक्षित होगा तो समाज का निर्माण भी स्वच्छ होगा। आज कल के दौर में सभी अभिभावकों का ये कर्तब्य है कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए सभी को शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय भेजें।

### वो भूली दास्तां लो फिर याद आ गयी

# तीस साल बाद पुनः हावड़ा मुम्बई मेल एक्सप्रेस हुई दुर्घटनाग्रस्त

बिनय मिश्रा



**चक्रधरपुर** रेल मण्डल अन्तर्गत आज से तीस वर्ष पूर्व 26 अक्टूबर 1994 में मुम्बई-हावड़ा मेल 8001 एस-5 कोच में अचानक आग लगी और यह मेल ट्रेन द बर्निंग ट्रेन में तब्दील हो गया था। समय भी बड़ा अजीबो-गरीब रहा था 2 बजकर 51 मिनट में यह घटना घटी और उक्त ट्रेन को लोटापहाड़ और चक्रधरपुर के बीच रोका गया। इस द बर्निंग ट्रेन में रेलवे प्रशासन के द्वारा जारी की गयी जानकारी के अनुरूप 27 लोगों की मौत इस रेल अग्निकांड में हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही जब घटना स्थल पर पहुंचा तब काफी हृदय विदारक दृश्य देखकर मन द्रवित हो उठा। चीख-पुकार और जिन्दा जलते लोगों की दृश्य हृदय को व्यथित कर दिया। उक्त समय सुविधाओं का घोर अभाव था। घटना स्थल पहुंचने में काफी मसक्कत करनी पड़ी। बाद में इन शवों को रेलवे प्रशासन के द्वारा चक्रधरपुर माल गोदाम जहां रेलवे की सामग्री रखे जाते थे उसके निकट ही इन शवों को रखा गया। अविभाजित बिहार के समय यह रेल हादसा पुरे भारत में चर्चा का विषय भी बना था। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालु प्रसाद यादव इस घटना के पश्चात पहुंचे थे। उन्होंने शवों को देखा और द्रवित भी हुए थे। चक्रधरपुर मंडल रेल अस्पताल जाकर घायलों से उन्होंने मुलाकात की थी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना भी की। इसके बाद चक्रधरपुर रेल मंडल के इतनी बड़ी दुर्घटना की गुंज रेल मंत्री तक पहुंची। तत्कालीन रेल मंत्री सीके.जाफर शरीफ विशेष विमान से जमशेदपुर पहुंचे और उसके बाद विशेष ट्रेन और सैलुन से चक्रधरपुर आकर पुरे घटना की जानकारी ली और अस्पताल जाकर घायलों से भी मुलाकात की और उनसे पूर्ण रूप से घटना की जानकारी प्राप्त की थी। इसके बाद एक सांसदों की टीम भी पुरे घटना की जानकारी लेने तत्कालीन गोड्डा के सांसद सुरज मंडल के नेतृत्व में चक्रधरपुर रेल मुख्यालय आकर पुरी घटना की जानकारी प्राप्त की थी। इस रेल अग्निकांड हादसे के समय चक्रधरपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक वीएन गर्ग थे। बाद में श्री गर्ग दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम भी बने। इसके अलावा चक्रधरपुर के अनुमण्डल पदाधिकारी अवनीभूषण पति थें। आज पुनः तीस वर्षों के अन्तराल में हावड़ा-मुम्बई रेल दुर्घटनाग्रस्त हुआ और इसमें भी तीन लोगों की मौत और बीस से अधिक लोगों की घायल होने की बात सामने आयी। हालांकि चक्रधरपुर रेल मंडल के वर्तमान डीआरएम ए.जे. राठौर की सक्रियता गतिशिलता तथा तत्पर्ता भी काफी सराहणीय रही। रेलवे प्रशासन के बेहतर सामजस्य और दुर्घटना के बाद समुचित सुविधा और साधन तत्काल बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के फलस्वरूप घायलों को समुचित उपचार की तत्क्षण और बेहतर व्यवस्था भी हुयी। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि घटना और दुर्घटना तो आकस्मिक है किन्तु मंडल रेल प्रबंधक श्री राठौर के द्वारा जिस तत्पर्ता और बेहतर व्यवस्था के साथ ट्रेन हादसे के बाद चलाये गये राहत कार्य से घायलों को समुचित इलाज की सुविधा और ट्रेन के दुर्घटना के बाद तत्क्षण हटाने के लिए किये गये कारगर प्रयास भी काफी सराहणीय है।